जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 | वर्षः 16 | संख्याः 301 | प्रभात | चूरू, गुरुवार 27 फरवरी, 2025 | पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.

## केजरीवाल राज्यसभा का सदस्य बनने की तैयारी में?

### दिल्ली में आप की करारी हार के बाद, विशेषकर मु.मंत्री केजरीवाल की भी अपनी विधानसभा सीट की हार के बाद, कई तरह की अटकलबाजियाँ चल रही हैं, केजरीवाल के राजनीतिक भविष्य के बारे में

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 फरवरी। आप ने लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिये राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को पार्टी प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया है। इससे राज्यसभा में पार्टी के संस्थापक अरविन्द केजरीवाल के राज्यसभा में सम्भावित प्रवेश की अटकलों को एक बार फिर बल मिला है।

अगर अरोड़ा उपचुनाव जीत जाते हैं, तो राज्यसभा की सीट खाली हो जायेगी तथा राज्यसभा के रिक्त स्थान को भरने की प्रक्रिया में करीब छः महीने का समय सम्भावित होता है। हाल ही में हुये दिल्ली विधानसभा चुनावों में मिली करारी चुनावी हार के बाद, यह संभव एवं संभावित है कि केजरीवाल राज्यसभा में प्रवेश की कोशिश करें, क्योंकि सांसद बनने के बाद, आप नेता को सामाजिक एवं राजनैतिक सरोकारों से संबंधित मुद्दे उठाने के लिये समुचित मंच मिल जायेगा सांसद बनने के बाद, केजरीवाल यह अपेक्षा की कर सकेंगे कि उन्हें, उनके खिलाफ चल रहे उन केसों में कुछ संवैधानिक संरक्षण भी मिल सकेगा, जिन केसों की जाँच -पड़ताल लॉ एन्फोर्समेन्ट एजेन्सियाँ कर रही हैं।

- एक प्रबल संभावना यह बताई जा रही है कि केजरीवाल पंजाब से राज्यसभा के सदस्य बन सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि सांसद के रूप में केजरीवाल ज्यादा अहम् भूमिका निभा सकते हैं, सामाजिक मुद्दों को हाईलाइट करने में।
- इस संभावना को और बल मिला है, जब से केजरीवाल के निजी मित्र, राज्यसभा सदस्य, संजीव अरोड़ा को लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में उम्मीदवार बनाने की घोषणा की गई है।
- संजीव अरोड़ा, अभी पंजाब से राज्यसभा सदस्य निर्वाचित हैं। वे अगर उपचुनाव जीत जाते हैं तो उन्हें राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देना पड़ेगा और केजरीवाल को राज्यसभा का सदस्य बनने का मौका मिल जाएगा।
- वैसे भी केजरीवाल के लिये पंजाब से राज्यसभा का सदस्य बनना ज्यादा आसान है, क्योंकि, पंजाब की 117 सदस्यीय विधानसभा में आप के 94 विधायक हैं, बनिस्पत दिल्ली के, जहाँ अब आप के पास विधानसभा में बहुमत नहीं है।

पंजाब आप प्रवक्ता जगतार सिंह संघेरा ने इन अटकलों का खंडन किया है, लेकिन पार्टी नेताओं का कहना है कि राज्यसभा सांसद बनने से केजरीवाल को यह मदद मिलेगी कि, एक जनप्रतिनिधि होने के नाते, उन्हें जनता से जुड़े मुद्दे उठाने के लिये एक बड़ा मंच मिल जायेगा। उन पार्टी नेताओं का कहना है कि अब तक केजरीवाल के पास जो भी पद रहे हैं, वे सब उनके लिये सामाजिक कल्याण का साधन रहे हैं।

चूँकि आप दिल्ली में हार गई है, इसलिये केजरीवाल के भविष्य को लेकर विभिन्न प्रकार की अटकलें चर्चा में हैं। ऐसी भी बातें सुनने को मिल रही हैं कि वे भगवंत सिंह मान को हटाकर, पंजाब के मुख्यमंत्री बनना चाहेंगे।

आप के पास राज्यसभा की कुल 10 सीट हैं, जिनमें से 7 पंजाब से तथा 3 दिल्ली से हैं। चूँकि दिल्ली विधानसभा में आप बहुमत खो चुकी है, इसलिये दिल्ली से राज्यसभा में प्रवेश करने की कोशिश केजरीवाल के लिये नुकसानदायक हो सकती है। दूसरी तरफ, पंजाब में, आप के पास स्पष्ट तथा सुविधाजनक बहुमत है, क्योंकि विधानसभा की कुल 117 सीटों में से, 94 सीटें आप के पास हैं।

केजरीवाल के नजदीक माने वाले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुप्रीम कोर्ट से कुमारास्वामी को राहत नहीं मिली

नयी दिल्ली, 26 फरवरी। उच्चतम न्यायालय ने केन्द्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी के कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल से जुड़े भूमि विमुद्रीकरण मामले में उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई रद्द करने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और राजेश बिंदल की पीठ ने मंगलवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में 2018 के संशोधन के तहत छूट की मांग करने वाली कुमारस्वामी की याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि संशोधन को पूर्वव्यापी रूप से लागू नहीं किया जा सकता। इस निर्णय से बनशंकरी में 02 एकड़ और 24 गुंटा भूमि के विमुद्रीकरण के संबंध में मुकदमे की कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त होता है, जिसे 1997 में बेंगलुरु विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा अधिग्रहित किया गया था। बाद में बीडीए की आपत्तियों के बावजूद 2010 में इस भूमि को निजी पक्षों को 4.14 करोड़ में बेच दिया गया था। यह मामला एक निजी शिकायत से शुरू हुआ था, जिसके कारण लोकायुक्त पुलिस ने भारतीय दंड

- सुप्रीम कोर्ट ने, कुमारास्वामी पर उनके कार्यकाल से जुड़े भूमि डीमॉनिटाइज़ेशन मामले में अपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## यूक्रेन की जमीन के नीचे दबे खनिज को अमेरिका ललचाई नज़रों से देख रहा है?

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 फरवरी। यूक्रेन की युद्धग्रस्त धरती के नीचे भविष्य का खजाना छुपा है, जो वैश्विक सत्ता समीकरणों को नया आकार दे सकता है। यहां दुर्लभ खनिजों, लीथियम व टाइटैनियम के भंडार हैं। इस समय दुनिया में ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रही है, जिसमें हाईटैक युद्ध होंगे, इलैक्ट्रिक वाहनों और नवीकरणीय ऊर्जा पर ज्यादा जोर होगा। ये महत्वपूर्ण खनिज, पैट्रोल, डीजल बहुत महत्वपूर्ण बन गए है और टैक्नॉलजी व सैन्य सर्वोच्चता की मुख्य कुंजी हैं, इसलिए अमेरिका इन पर आधिपत्य चाहता है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने कहा है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जैलेन्स्की शुक्रवार 28 फरवरी को निजी मुलाकात के लिए वॉशिंगटन आ सकते हैं तथा इस दौरान खनिज निकालने के समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं।

फाइनैंशियल टाइम्स ने मंगलवार को बताया कि यूक्रेन और अमेरिका के बीच खनिज निकालने की डील की शर्तों पर सहमति हो गई है। कीव को यकीन है कि इससे अमेरिका की यूक्रेन के प्रति दूरगामी सुरक्षा प्रतिबद्धताओं का रास्ता साफ होगा।

समझौते के अंतिम प्रतिरुप, जो 24 फरवरी को तैयार हुआ है, में एक ऐसा कोष बनाने का प्रावधान है, जिसमें यूक्रेन अपने खनिज संसाधनों जिनमें तेल और गैस भी शामिल हैं, के भावी मुद्रीकरण से 50 प्रतिशत राजस्व आवंटित करेगा, साथ ही संबंधित परिवहन सुविधा भी देगा।

एग्रीमैंट में उन खनिजों को शामिल नहीं किया गया है, जिनका राजस्व पहले ही यूक्रेन के बजट में जोड़ा जा चुका है, यानि यह समझौता नैफ्टोगैज़ और युक्रनाफ्टा में चल रही गतिविधियों पर लागू नहीं होगा। अंतिम प्रारुप से 500 अरब डॉलर का रीकंस्ट्रक्शन फंड बनाने का प्रावधान हटा दिया गया है, जिसके तहत यूक्रेन को अपने खनिज उत्खनन राजस्व का 50 प्रतिशत स्थानान्तरित करना पड़ता और जिसमें अमेरिका अपना शतप्रतिशत वित्तीय हित बनाए रखेगा।

एग्रीमैंट में अमेरिका से सुरक्षा गारंटी का कोई उल्लेख नहीं है। कीव ने शुरु में डील के एवज में यह गारंटी मांगी थी। इसमें अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दों, जैसे फंड में यूएस का हिस्सा और संयुक्त ओनरशिप के समझौते की शर्तों का उल्लेख नहीं है।

- हर देश भविष्य में विश्व में रुतबा बनाये रखने के लिए हाई-टैक हथियार, इलैक्ट्रिक्ल व्हिकल्स तथा अक्षय ऊर्जा पर अपना नियंत्रण बनाये रखना चाहता है। इन हाई-टैक हथियार व इलैक्ट्रिक वाहन आदि के लिये रेअर अर्थ मिनरल्स जैसी लीथियम, टाइटेनियम की आवश्यकता रहती है। यूक्रेन में भूमि के नीचे इन खनिजों का विपुल भण्डार है, जिसकी कीमत 500 बिलियन डॉलर आंकी जाती है।
- इसके अलावा यह भी सत्य है कि चीन के पास विश्व के लीथियम का 34 प्रतिशत लीथियम भण्डार है और रूस के पास टाइटेनियम की भी भारी सप्लाई है।
- अमेरिका, चीन व रूस पर निर्भर नहीं रहना चाहता है, इन खनिजों के लिए। अतः यूक्रेन के इन खनिजों के भण्डार को जमीन से निकाल कर इण्डस्ट्रियल उपयोग में लेने में भारी रुचि रखता है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 50 लाख डॉलर में खरीदी जा सकेगी अमेरिका की नागरिकता

### अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनियाभर के अमीरों के लिए ''गोल्ड कार्ड'' स्कीम घोषित की

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 फरवरी। अमीरों को अमेरिका में बसने के लिए आकर्षित करने हेतु अमेरिकन राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने एक नई इम्मिग्रेशन पहल घोषित की है, जिसका लक्ष्य अमीर विदेशी निवेशक हैं। यह नीति है ''गोल्ड कार्ड'', जिसके तहत 50 लाख डॉलर के भुगतान पर अमेरिका की नागरिकता हासिल की जा सकती है।

ट्रम्प ने कहा, ''हम गोल्ड कार्ड बेचने जा रहे हैं, इस पर हम 50 लाख डॉलर की कीमत रखने जा रहे हैं।''

वर्तमान के ईबी-5 वीसा कार्यक्रम की जगह होने वाली यह नीति निवेशक को ग्रीन कार्ड की सुविधा देगी और वे निवेश के जरिए अमेरिका की नागरिकता प्राप्त कर सकेंगे।

मौजूदा ईबी-5 वीसा कार्यक्रम 1990 से शुरु हुआ था। इसके तहत उन विदेशी निवेशकों के लिए अमेरिकन नागरिकता का प्रावधान था, जो पूँजी निवेश के जरिए रोजगार सृजित करते थे या संरक्षित करते थे। इसमें निवेश की न्यूनतम सीमा 1.05 मिलियन डॉलर थी तथा आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों के लिए यह राशि 8 लाख डॉलर थी। भ्रष्टाचार, फर्जीवाड़े की आशंका के चलते इस योजना की भारी आलोचना हो रही थी। बिज़नैस से जुड़े लोग, ट्रम्प परिवार के लोगों ने प्रॉपर्टी के काम में इसका इस्तेमाल किया है।

ट्रम्प ने कहा कि गोल्ड कार्ड, ग्रीन कार्ड की सुविधा देगा और यह अमेरिकन नागरिकता प्राप्त करने का जरिया बनेगा। उन्होंने कहा कि यह कार्ड

- यह योजना ईबी-फाइव वीसा कार्यक्रम की जगह लागू की जा रही है। ईबी-फाइव वीसा कार्यक्रम में 10.5 लाख डॉलर के निवेश और रोजगार सृजन पर ग्रीन कार्ड दिए जाने का प्रावधान था, तथा आर्थिक रुप से पिछड़े क्षेत्रों के लिए निवेश की सीमा 8 लाख डॉलर ही थी।
- सूत्रों ने बताया कि ईबी-फाइव वीसा योजना का फर्जी तरीके से लाभ उठाकर ट्रम्प परिवार के लोगों ने प्रॉपर्टी डवलपमैंट में काफी पैसा लगाया था।
- ट्रम्प ने पत्रकारों के सवाल के एक जवाब में यह भी कहा कि रूस के अमीर भी यह गोल्ड कार्ड खरीद सकते हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पुणे : सरकारी बस में महिला से दुष्कर्म

पुणे, 26 फरवरी। महाराष्ट्र के पुणे शहर में राज्य परिवहन की एक खड़ी बस में एक व्यक्ति ने 26 वर्षीय महिला के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। बताया गया कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और उसके खिलाफ कई मामले में भी दर्ज किए गए हैं।

स्वरगेट पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान दत्ता गाडे के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ पहले से चोरी और चेन छीनने के मामले दर्ज हैं। स्वरगेट महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम का सबसे बड़ा बस जंक्शन है।

पीड़िता के मुताबिक, वह मंगलवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे पैठण जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी। तभी एक व्यक्ति उसके पास आया और कहा कि उसकी बस दूसरे स्टैंड पर आ गई है। इसके बाद आरोपी पीड़िता को विशाल बस अड्डा परिसर के एक सुनसान हिस्से

- पुलिस ने बताया कि आरोपी आदतन अपराधी है और फरार है, उसकी तलाश की जा रही है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'दक्षिण के किसी राज्य की सीटें कम नहीं होगी, ''डीलिमिटेशन'' से'

### अमित शाह ने दक्षिण भारत के राज्यों के ''डीलिमिटेशन'' से दक्षिण भारत के राज्य की संसद में सीटों की संख्या कम होने वाली चर्चा को निरर्थक बताया व ठण्डे छींटे देने देने का प्रयास किया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 फरवरी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज दक्षिणी राज्यों की आशंकाओं को शान्त करने की कोशिश की तथा दावे के साथ कहा कि दक्षिण के किसी भी राज्य, जिनमें तमिलनाडु भी शामिल है, की संसदीय सीटें कम नहीं होंगी। ज्ञातव्य है कि एक दिन पहले ही तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा था कि अगर परिसीमन जनसंख्या के आधार पर किया जाता है, तो ''राज्य के ऊपर'' अनिश्चिता की ''तलवार'' लटकती रहेगी।

शाह ने तमिलनाडु के सत्तारूढ़ दल पर हमला बोलते हुये कहा, ''मुख्यमंत्री (स्टालिन) और उनके पुत्र (उदयनिधि स्टालिन) कुछ मुद्दों को उभार कर तमिलनाडु की जनता को गुमराह कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने संसद में यह बात स्पष्ट कर दी है कि जनसंख्या या अनुपात के आधार पर होने वाले संसदीय क्षेत्रों के नये सीमांकन से दक्षिणी राज्यों के लोकसभा सदस्यों की संख्या कम नहीं होगी।''

लेकिन शाह के इस आश्वासन में भी छल-कपट की एक पतली गली है। उन्होंने जोर देते हुये यह तो कहा है कि दक्षिणी राज्यों की एक भी सीट कम नहीं होगी, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि उत्तरी भारत के किसी भी राज्य में लोकसभा सीटों की संख्या उन राज्यों की वर्तमान सीट संख्या से ज्यादा नहीं होगी। उनके दावे से जो प्रश्न उभर कर सामने आता है, वो यह है कि अगर सीट संख्या परिवर्तित नहीं होनी है, तो परिसीमन की कवायद आखिर की क्यों जा रही है?

दक्षिण भारत के एक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर कहा कि कोयम्बटूर, जहाँ गृह मंत्री ने एक पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया, में भाजपा कार्यकर्ताओं के समक्ष बोलते हुये जो वक्तव्य दिया, वह अर्द्ध-सत्य है, पूर्ण सत्य नहीं है।

इस अवसर पर बोलते हुये, शाह ने द्रमुक के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि तमिलनाडु में सरकार ने राष्ट्र-विरोधी तत्वों, ड्रग-तस्करों तथा अवैध खनन माफिया को खुली छूट दे रखी है।

मंगलवार को स्टालिन ने कहा था कि परिवार-नियोजन की नीतियों के सफल क्रियान्वयन के चलते, तमिलनाडु को नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा था, ''अगर लोकसभा क्षेत्रों का परिसीमन जनसंख्या के आधार पर लागू किया जाता है, तो तमिलनाडु के आठ सांसद कम हो जायेंगे। इसके कारण, संसद में तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व कम हो जायेगा।''

स्टालिन ने ''एक्स'' पर लिखा था, ''तमिलनाडु का मुख्यमंत्री होने के नाते,

- पर दक्षिण भारत के राजनीतिज्ञों के मन में एक संशय अभी बरकरार है। इन लोगों की चिन्ता है, अगर यह मान भी लिया जाये कि दक्षिण भारत के राज्यों के सांसदों की संख्या में कोई कमी नहीं होती, पर, इसकी क्या गारंटी है, कि, उत्तर भारत के राज्यों से निर्वाचित होने वाले सांसदों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं होगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मोहन बिष्ट दिल्ली विधानसभा के डिप्टी स्पीकर बनेंगे

नयी दिल्ली, 26 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुस्तफाबाद के विधायक मोहन सिंह बिष्ट दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष होंगे। विधानसभा की ओर से 27 फरवरी के लिए आज जारी कार्यसूची में उपाध्यक्ष के निर्वाचन के बारे में जानकारी दी गई। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता प्रस्ताव करेंगी कि बिष्ट को उपाध्यक्ष चुना जाए। मुख्यमंत्री के प्रस्ताव का कैबिनेट मंत्री मनजिन्दर सिंह सिरसा समर्थन करेंगे। बिष्ट के उपाध्यक्ष चुनने के लिए विधायक अनिल कुमार शर्मा दूसरे प्रस्तावक होंगे और गजेन्द्र सिंह यादव उनका समर्थन करेंगे।

- 27 फरवरी को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता उनके नाम का प्रस्ताव करेंगी तथा कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा प्रस्ताव का समर्थन करेंगे।

## तीन साल बाद यूक्रेन युद्ध समाप्ति की ओर बढ़ रहा है: ट्रम्प की भूमिका महत्वपूर्ण रही

### पर, एक चतुर व्यापारी की तरह ट्रम्प ने यह हासिल करने के लिये कई तरह की ''डील्स'' कीं व परम्परागत मित्रों में भेद पैदा किये और नये ''मित्र'' बनाये, नये रिश्ते कायम किये, विश्वसनीयता को भी दांव पर लगाकर

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 फरवरी। यूक्रेन में तीन साल से जो युद्ध चल रहा है, वो अब समाप्त होने जा रहा है। अपने दावों के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी तरफ से समझौते कर रहे हैं।

पश्चिम की प्रमुख समाचार एजेंसियाँ रिपोर्ट कर रही हैं कि यूएसए और यूक्रेन के बीच एक महत्वाकांक्षी खनिज समझौता हुआ है, जो प्रभावी रूप से युद्ध के अंत की घोषणा करता है।

यूक्रेन के साथ, ट्रम्प एक ऐसा समझौता कर रहे हैं, जिसमें उसके विविध प्राकृतिक संसाधनों - तेल और गैस, टाइटेनियम और अन्य दुर्लभ खनिजों का विकास किया जाएगा, वर्तमान में इन खनिजों पर चीन की मोनॉपली है। यूक्रेन में चिन्हित संसाधनों में से 85 से अधिक वर्तमान में चीन में प्रोसैस होते हैं। यदि चीन इन खनिजों की आपूर्ति को रोकता है, तो यह अमेरिका के लिए कठिन हो सकता है।

इन खनिजों का मूल्य अनुमानित रूप से 100 बिलियन से 500 बिलियन तक हो सकता है और चीन के साथ अमेरिका के विवाद में यह एक बड़ी राहत प्रदान करेगा। इन खनिज संसाधनों तक अमेरिका की स्वतंत्र पहुँच, अमेरिका को, अधिक आक्रामक रूप से चीन को धमकी देने में मदद करेगी।

यूएसए के यूक्रेन के साथ समझौते को एक ''प्रोटेक्शन रैकट'' कहा जा रहा है। अर्थात् अमेरिका ने अब तक रूस से लड़ने के लिए यूक्रेन को जो मदद दी है, उसके हर एक डॉलर के बदले में अमेरिका 2 डॉलर के संसाधन लेगा। संसाधन समझौते से जो फण्ड आएगा, उसका उपयोग देश के पुनर्निर्माण के लिए किया जाएगा। इसका मतलब यह भी है कि अमेरिका की कंस्ट्रक्शन कंपनियों को काम मिलेगा।

अमेरिका और यूक्रेन द्वारा यूक्रेन की जमीन पर इन खनिजों के जॉइंट डवलपमैंट का अर्थ होगा- एक प्रभावी युद्धविराम और शत्रुता के अंत का संकेत। लग रहा है, जैसे ट्रंप बंदूक की नोक पर समझौते कर रहे हैं। डॉनल्ड ट्रम्प को कानून पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति कोई खास आदर नहीं है। इसलिए यह समझौता प्रभावी रूप से यूक्रेन के कब्जे वाले हिस्सों पर रूस के दावों को औपचारिक रूप से मान्यता देता है। इससे रूस के राष्ट्रपति को आक्रमण के उनके कृत्य के लिए कुछ हद तक क्षमादान भी मिल जाता है। इस स्थिति की, यूक्रेन पर यूएन के प्रस्ताव में पुष्टि की गई है, जिसमें रूस को आक्रांता के रूप में नहीं बताया गया है।

यह नीति से बिल्कुल उल्टा है। अमेरिका ने रूस और उत्तर कोरिया के साथ वोट किया है।

इसके अलावा, अमेरिका, यूरोपीय यूनियन के देशों और अपने पारंपरिक

- उदाहरण के लिये, रूस के यूक्रेन की भूमि पर किये गये कब्जे का सत्यापन कर दिया, पहली बार अमेरिका ने यू.एन. के प्रस्ताव पर रूस व नॉर्थ कोरिया के साथ वोट किया।
- पहली बार, अमेरिका व यूरोपियन यूनियन यू.एन. प्रस्ताव में अलग-अलग खेमे में खड़े थे।
- अमेरिका व रूस की बढ़ती नज़दीकियों ने चीन की सालों की मेहनत पर पानी फेर दिया। चीन का सदा प्रयास रहा है कि रूस व अमेरिका के बीच दीवार खड़ी रहे तथा रूस चीन के नज़दीक रहे, बनिस्पत अमेरिका के। पर, यहाँ भी ट्रम्प दोनों के बीच ''खाई-सी'' बनाने में कामयाब रहे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नासिक कुम्भ पर अलग बैठक की शिंदे ने

नासिक, 26 फरवरी। महाराष्ट्र के नासिक में भी जल्द ही कुंभ का आयोजन होने वाला है और ऐसे में कुंभ की तैयारी की समीक्षा और चर्चा के लिए सीएम देवेन्द्र फड़नवीस ने महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। हालांकि, इसमें डिप्टी सी.एम. एकनाथ शिंदे शामिल नहीं होंगे। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने मुंबई के सह्याद्री गेस्ट हाउस में दोपहर करीब 1 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है।यहां आपको बता दें कि इस बैठक में एकनाथ शिंदे शामिल नहीं होंगे, क्योंकि आज उनके तय कार्यक्रम के अनुसार, वे सिंधुदुर्ग जिले के दौरे पर हैं। इससे पहले एकनाथ शिंदे ने नासिक कुंभ की तैयारी के लिए नासिक जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक अलग बैठक की थी। शिंदे ने दावा किया कि उन्होंने यह बैठक इसलिए की थी, क्योंकि वे जिले में एक रैली करने आए थे।

- वे मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं होंगे।

## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# तापमान में बढ़ोतरी का दिखने लगा है खेती किसानी पर नकारात्मक असर

जलवायु परिवर्तन का असर खेती किसानी पर साफ दिखाई देने लगा है। कहा जा रहा था कि 2024 की फरवरी सर्वाधिक गर्मी वाला माह रहा है पर 2025 में जनवरी में जिस तरह से तापमान में बढ़ोतरी देखी गई है और फरवरी में ही देश के अधिकांश हिस्सों खासकर उत्तरी भारत में तापमान में लगातार तेजी देखी जा रही है वह चिंतनीय होती जा रही है। दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान सहित अनेक प्रदेशों में फरवरी में अधिकतम तापमान का आंकड़ा 30 डिग्री को छूने को बेताब हो रहा है। देश के कई हिस्सों में दिन का तापमान 29 डिग्री को पार कर रहा है। यह कोई हमारे देश के ही हालात नहीं है अपितु दुनिया के अधिकांश देशों में जलवायु परिवर्तन का असर साफ–साफ दिखाई देने लगा है। बढ़ता तापमान बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है। बढ़ते तापमान के कारण परिस्थिति तंत्र प्रभावित हो रहा है। बीमारियां तो फैल ही रही है संपूर्ण तंत्र पर ही नकारात्मक प्रभाव पड़ता जा रहा है। चिंतनीय यह है कि एक और हम निरंतर घटते भूजल स्तर से प्रभावित हो रहे हैं तो ग्लेसियरों के तेजी से पिघलने का असर दिखाई दे रहा है। असमय अतिवृष्टि, अनावृष्टि, तूफान, जंगलों में आग आदि आदि सीधा असर दिखाई दे रहा है।

जहां तक खेती–किसानी का प्रश्न है मौसम के अप्रत्याशित बदलाव से फसल चक्र पर नकारात्मक असर दिखने लगा है। फसल वपन का एक सिस्टम होता है। बुआई से लेकर फसल के पक कर तैयार होने का चक्र होता है। दर असल हो यह रहा है कि जिस समय फसल में फल फूल आने का समय होता है उस समय तापमान बढ़ने से फल फूल का विकास रुक जाता है और फसल पकने लगती है, इससे फसल में खराबे और उत्पादन में कमी होना स्वाभाविक हो जाता है। दिसंबर, जनवरी की सर्दी और फरवरी में औसत तापमान से फसलों का सही ढंग से विकास संभव हो पाता है। एक अन्य चिंतनीय कारण यह भी बनता जा रहा है कि मावठ के समय मावठ नहीं होती, सर्दियों की बरसात के समय बरसात नहीं होती और जिस समय तापमान में बढ़ोतरी होनी चाहिए उस समय आंधी, तूफान और बरसात आकर फसल को चौपट करने में कोई कमी नहीं छोड़ती। इसका सीधा–सीधा असर खाद्यान्न संकट के रुप में देखा जा सकता है। प्रायः देखा जाने लगा है कि जब फसल की कटाई का समय होता है उस समय आंधी–तूफान या ओला–बरसात होकर फसल को चौपट करने में कमी नहीं छोड़ती। इसी तरह से जनवरी–फरवरी में जब तापमान में गिरावट की आवश्यकता होती है उस समय तापमान में बढ़ोतरी चिंता का विषय बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि जलवायु परिवर्तन के हालात यही रहे तो कुछ खाद्य वस्तुओं के भावों में कई गुणा तक बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। आलू, टमाटर, दालों, तिलहनों और अनाज के भावों में बढ़ोतरी साफ तौर से देखी जा सकती है।

**कृषि विज्ञानियों को ऐसी किस्में विकसित करनी होगी जो बदलते मौसम के अनुकूल हो। शुष्क भूमि में खेती की किस्में खोजनी होगी। इसी तरह से कम जल में विकसित होने वाली फसलों की किस्मों पर ध्यान देना होगा। कंजरवेशन खेती को बढ़ावा देना होगा। परंपरागत खेती को चरणवद्ध तरीके से अपनाना होगा। प्रयास यह करना होगा कि जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे मौसक चक्र के बदलाव के अनुकूल फसलों की किस्में तैयार हो।**

कृषि और आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि तापमान की असामयिक उतार–चढ़ाव के चलते कृषि पैदावार पर सीधा–सीधा नकारात्मक असर पड रहा है। कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है। कृषि उत्पादों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इससे साफ हो जाता है कि खाद्य वस्तुओं के भाव बढ़ेंगे ही और उसका सीध असर हमें महंगाई के रुप में देखने को मिलेगा। मजे की बात यह है कि जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया के देशों में तेजी से बंजर होती भूमि को लेकर चिंता तो जताई जा रही है पर अभी तक इन हालातों से निपटने का ठोस आधार तैयार नहीं किया जा सका है। आज दुनिया के देश आसन्न खाद्यान्न संकट को लेकर चिंतित है। इसके लिए बड़े–बड़े सम्मेलनों में चिंतन–मनन हो रहा है। विश्व खाद्य संगठन सहित दुनिया की संस्थाएं इससे आसन्न संकट को लेकर तो परेशान है ही उनकी चिंता का कारण यह भी होता जा रहा है कि पोष्टिक भोजन नहीं मिलने से करोड़ो लोग कुपोषण के शिकार है। खाद्यान्नों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। दुनिया के देश खेती किसानी के महत्व को कोरोना काल में अच्छी तरह से समझ चुके हैं। कोरोना में मानवता को संबल देने में खेती किसानी ने प्रमुख भूमिका निभाई और सबकुछ बंद होने पर खेती किसानी ही लोगों का पेट भरने में सहायक रही।

जलवायु परिवर्तन का असर जब साफ–साफ सामने आने लगा है तो उस हालात में मौसम विज्ञानियों और कृषि विज्ञानियों के सामने बड़ी चुनौती आ गई है। एक और जलवायु परिवर्तन को सर्वाधिक प्रभावित करने वाले कारकों का कोई ना कोई विकल्प खोजना ही होगा। होता यह है कि हम जिसे आज बेहतर विकल्प बताते है कुछ समय बाद ही उसमें भी खामियां नजर आने लगती है। जलवायु को नियंत्रित करने वाले जंगलों का स्थान कंक्रिट के जंगल लेते जा रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि इलेक्ट्रानिक उत्पादों व नई–नई खोजों ने हमारा जीवन आसान बनाया है पर उसके साइड इफेक्ट तेजी से असर दिखाने लगे हैं। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग ने भूमि की उर्वरा शक्ति को प्रभावित किया है। अत्यधिक जल दोहन से भूजल का स्तर साल दर साल नीचे जाता जा रहा है। भू क्षरण होने लगा है। भूमि तेजी से बंजर होती जा रही है।

खैर हालात हमारे सामने हैं। कृषि विज्ञानियों को ऐसी किस्में विकसित करनी होगी जो बदलते मौसम के अनुकूल हो। शुष्क भूमि में खेती की किस्में खोजनी होगी। इसी तरह से कम जल में विकसित होने वाली फसलों की किस्मों पर ध्यान देना होगा। कंजरवेशन खेती को बढ़ावा देना होगा। परंपरागत खेती को चरणवद्ध तरीके से अपनाना होगा। प्रयास यह करना होगा कि जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे मौसक चक्र के बदलाव के अनुकूल फसलों की किस्में तैयार हो। क्योंकि प्रकृति से छेड़छाड़ करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी और उसका खामियाजा हमें आज भुगतना पड़ रहा है। तेज सर्दी के समय गर्मी से दो चार होना पड़ रहा है। इस सबके साथ ही धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने के उपायों पर ध्यान देना होगा। हालात गंभीर चिंतनीय होते जा रहे हैं और यही हालात रहे तो विशेषज्ञ कहने लगे है कि कृषि उत्पादन में कमी का असर सारी दुनिया को भुगतना होगा। हालात और भी गंभीर हो उससे पहले ही ठोस प्रयास करने होंगे। बदलते हालातों में खेती किसानी के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे नहीं तो महंगाई तो एक और है ही दुनिया के कई देशों में भूखमरी के गंभीर हालात होने से कोई नहीं रोक सकेगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 27 फरवरी, 2025



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, धनिष्ठा नक्षत्र दिन 6:44 तक, शिव योग रात्रि 11:41 तक, शकुनि करण प्रात: 8:55 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–कुम्भ, मंगल–मिथुन, बुध–कुम्भ, गुरू–वृष, शुक्र–मीन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज बुध मीन राशि में रात्रि 11:46 पर प्रवेश करेगा। आज पंचक, देवपितृकार्य अमावस्या, शिव खप्पर पूजा, मन्वादि है। आज अमावस्या तिथि का क्षय हुआ है। आज माघी मासम है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:25 तक, चर 11:14 से 12:40 तक, लाभ–अमृत 12:40 से 3:31 तक, शुभ 5:00 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:57, सूर्यास्त 6:23

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।

**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में चल रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**तुला**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

**कुंभ**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। घर–परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज मन में असंतोष बना रहेगा।

# महाशिवरात्रि पर डीडवाना में निभाई गई सांप्रदायिक सौहार्द्ध की अनूठी परंपरा

- मुस्लिम समाज ने नाथ महंत का किया अभिनन्दन
- मुस्लिम समुदाय ने नाथजी को श्रीफल भेंट किया
- सदियों से हिन्दू-मुस्लिम समुदाय निभा रहे हैं पौराणिक परंपरा



**महाशिवरात्रि पर नाथ सम्प्रदाय के महंत के जुलूस का मुस्लिम इलाकों में स्वागत किया।**

**डीडवाना** । दुनियाभर में भारत की पहचान गंगा जमुनी तहजीब की रही है। यहां सदियों से हिंदू मुस्लिम सहित अनेक समुदाय साथ रहते आए हैं। यह भारत का साम्प्रदायिक सोहार्द्ध ही है, जो सभी वर्गों ओर धर्मों को एकसूत्र में बांधे रखता है।

ऐसा ही साम्प्रदायिक सौहार्द्ध ओर हिन्दू मुस्लिम एकता का नजारा आज डीडवाना में देखने को मिला, जब महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर हिन्दू–मुस्लिम समुदाय के लोग गले लगे ओर एक दूसरे का सम्मान किया। राजस्थान में डीडवाना की पहचान सांप्रदायिक सौहार्द्ध वाले शहर के रूप में रही है। डीडवाना शहर अपने आप में गंगा जमुनी तहजीब का एक बड़ा उदाहरण है, यहां दोनों सम्प्रदाय के लोग एक साथ धार्मिक परम्पराएं निभाकर दीपावली, होली, ईद एक साथ मनाते है। महाशिवरात्रि पर भी एक ऐसी अनूठी परम्परा निभाई जाती है, जो दोनों धर्मो के सौहार्द्ध को एक डोर में बांधती है। ऐसी ही गंगा जमुनी तहजीब का नजारा आज डीडवाना में फिर से दिखाई दिया। धार्मिक सौहार्द्ध ऐसा की हर कोई एक दूसरे के प्रति सम्मान का भाव। मौका था महाशिवरात्रि का, इस मौके पर हर हर महादेव की गूंज के साथ साथ जोगामंडी धाम के प्रमुख पीर लक्षमणनाथ आज सुबह रथ पर सवार होकर गाजे–बाजे एवं जुलूस के साथ नगर भ्रमण के लिए निकले। उनका यह जुलूस सबसे पहलेसैयदों की हताई और काजियों के मौहल्ले में पहुंचा, जहाँ सदियों पुरानी परम्परा के तहत मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नाथजी का स्वागत सत्कार कर उन्हे श्रीफल भेंट किया। डीडवाना में सदियों पूर्व साम्प्रदायिक सद्भावना की जो नींव हिन्दू–मुस्लिम समुदायों के पूर्वजों ने डाली थी, वो आज भी बदस्तूर जारी है। दोनों समुदायों के लोग न केवल इस परम्परा का पौराणिक तरीके से अनुसरण कर रहे हैं, बल्कि देश व दुनिया को भी साम्प्रदायिक सद्भाव का संदेश दे रहे हैं। इस परम्परा के साथ एक खास बात और जुड़ी हुई है, जो सही मायने में साम्प्रदायिक सौहार्द की जड़ो को मजबूत करती है। नाथ सम्प्रदाय के इस जोगा मण्डी धाम में जब भी नाथ मठाधीश की नियुक्ति होती है, तब मुस्लिम समाज उन्हें पगड़ी पहनाता है और माथुर समाज शॉल ओढ़ाता है, तब जाकर नए महंत की नियुक्ति होती है।

जब पूरे देश में साम्प्रदायिक सद्भाव के ताने बाने पर हमले हो रहे हैं, ऐसे दौर में आज भी भारत की गंगा जमुनी तहजीब जिंदा है, जो दुनिया को बताती है कि सभी भारतीय एक हैं, ओर उन नफरतों को भी खारिज करते हैं। यह सद्भाव उन लोगों को करारा जवाब है जो आए दिन समाज मे नफरत फैलाते हैं। डीडवाना कि यह अनूठी परम्परा देश को तोड़ने वाली ताकतो मुंह पर करारा तमाचा है और मिसाल भी है।

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा की तैयारी

**भीलवाड़ा** । राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा की तैयारी को अंतिम रूप दे दिया गया है। जिले में 51 केंद्रों पर 41,352 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहले दिन दो पारी में सुबह 10 से 12. 30 व दूसरी पारी दोपहर 3 से 5.30 बजे तक परीक्षा होगी। दूसरे दिन एक पारी में सुबह 10 से 12.30 बजे तक परीक्षा होगी। एग्जाम को लेकर शहर सहित आटूण, पालड़ी, आरजिया, अगरपुरा, पांसल, मांडल, सुवाणा के स्कूलों में भी सेंटर बनाये हैं।

खास बात यह है कि इस बार रीट परीक्षा के एडमिट कार्ड में क्यूआर कोड है। इसे स्कैन करते ही अभ्यर्थियों की सारी डिटेल मिल जायेगी। फर्जी अभ्यर्थी पर अंकुश लगाने के लिए पहली बार अभ्यर्थियों का फेस रिकग्निशन होगा। ऐसे में एडमिट कार्ड में अभ्यर्थी की ओर से लगाई गई फोटो का सेंटर पर लाइव फोटो से मिलान नहीं हुआ तो अभ्यर्थी को एंट्री नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही अंगूठे का निशान भी लिया जाएगा। यही नहीं सभी सेंटर सीसीटीवी कैमरों से लैस है। पेपर, सेंटर पर पहुंचने, खोलने और परीक्षा कक्ष तक पहुंचाने की पूरी प्रोसेस की वीडियोग्राफी की जायेगी। इसके साथ ही पेपर को–ऑर्डिनेटर और फ्लाइंग के पास वीडियोग्राफर होगा। परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले परीक्षा केंद्र का गेट बंद कर दिया जाएगा। उसके बाद कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में प्रवेश पाएगा। रीट का एग्जाम देने वाले अभ्यर्थी रोडवेज बसों में फ्री सफर कर सकेंगे। इस बार पात्रता परीक्षा में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को राज्य सरकार की ओर से परीक्षा से 2 दिन पहले और 2 दिन बाद फ्री यात्रा की सुविधा दी गई है। इसके लिए अभ्यर्थियों को अपना एडमिट कार्ड दिखाना होगा। अगर किसी अभ्यर्थी की परीक्षा 27 फरवरी की है तो वह 25 फरवरी से 1 मार्च तक रोडवेज बसों में फ्री सफर कर सकेगा। वहीं, अगर किसी अभ्यर्थी की परीक्षा 28 फरवरी की है तो वह 26 फरवरी से 2 मार्च तक रोडवेज बसों में फ्री सफर कर सकेगा। अभ्यर्थियों को यह सुविधा रोडवेज की ब्लू लाइन बसों में ही दी जाएगी।

# 251 महाकुंभ कलश यात्रा निकाली

**भीलवाड़ा।** महाशिवरात्रि पर्व पर कोली समाज विकास ट्रस्ट भीलवाड़ा के तत्वाधान में आयोजित किए गए श्री बदलेश्वर महादेव मंदिर सप्तम पाटोंत्सव एवं कुंभ कलश यात्रा एवं महिला जागृति सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए महामंडलेश्वर हंसराम उदासीन ने कहा कि सनातन धर्म ही धर्म ये विश्व में भारत की पहचान है बाकी पंथ धर्म सब सनातन से निकले है।

महामंडलेश्वर हंसराम कहा कि अब महिलाओं को आधुनिक युग में अपने हक अधिकारों के तकनीकी को सहयोगी बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। महिलाओं को संतानों को अच्छे संस्कार देकर अच्छी परवरिश करनी चाहिए । कार्यक्रम में जवाहर फाउंडेशन के लोकेंद्र सिंह ने बोलते हुए जवाहर फाउंडेशन के मानव हितार्थ हो रहे कार्यक्रम स्वाभिमान भोजन, महिला सम्मान स्वास्थ्य कार्यक्रम अजमेर भीलवाड़ा बांसवाड़ा आदि शहर में एल एन जे ग्रुप और जवाहर फाउंडेशन की और चलाए जाने की जानकारी दी । माली समाज के महासचिव और पत्रकार गोपाल माली ने महिलाओं को सजक रह कर परिवार को एक जूठ और संस्कार वान बनाने का आवाहन किया । महाकुंभ कलश यात्रा को सुबह 9.15 बजे पंचमुखी दरबार महंत लक्ष्मण दास त्यागी, खटीक समाज के शहर अध्यक्ष एवं पार्षद वार्ड नंबर 51 रमेश चंद खाईवाल, पार्षद और समाज सेवी वार्ड नंबर 52 सत्य नारायण खोईवाल और समाज के पंच चुन्नीलाल, जिला अध्यक्ष बालू लाल अध्यक्ष ओम प्रकाश, पंडित मोहन लाल बोथेडिया पंडित डालचंद , रूपलाल भेरू लाल लोरवाडिया आदि ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। हरि झंडी दिखाने से पूर्व ठाकुर जी महाराज के बेवानं को श्री महावीर व्यायाम शाला अखाड़ा के पहलवान फतह लाल फतेहपुरिया के सर धारण करवाया । साथ की संतो और पंचों ने महाकुंभ शगुन कलश को पार्षद प्रत्याशी रही अंजना खेमचंद सुवालिया के माथे पर धारण करवाया । महाकुंभ कलश यात्रा दादाबाड़ी शीतला माता मंदिर से कोली मोहल्ला पंचायत भवन, शहीद चौक, झलकारी बाई सर्किल, पेट्रोल पंप होते हुए बढलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां पंडित रामचंद्र मंडिया द्वारा आरती करके कुंभ कलश धारण करने वाली महिलाओं ने प्रयागराज त्रिवेणी संगम जल से बढलेश्वर शिवलिंग का अभिषेक करवाया । कोषाध्यक्ष महेंद्र गेंडावध ने बताया कि अतिथियों का मारवाड़ी साफा बंधवाकर सम्मान किया गया। सचिव मुरलीधर लोरवाडिया ने बताया कि कार्यक्रम में भामाशाहों के सहयोग से वर्तानुसार प्रसाद की व्यवस्था की गई। समाज अध्यक्ष ओम प्रकाश सुनारिया कार्यक्रम में आगामी भादवा माह छट को सौर वर्ष पुराने देवालय देव नारायण मंदिर पर कलश चढ़ाने और शिव परिवार स्थापित करने की घोषणा की है जिसमें देव नारायण मंदिर के 56 सालों से सेवा पूजा कर रहे सेवक राम लाल तलाया ने 2.51 लाख रूपये नकद देने की घोषणा की। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष महेंद्र मोती सिंह मंडिया डालचंद , देवीलाल , हरि नारायण, सुनील सोनू मोती लाल आमेरिया, सोहन लाल राकेश धर्मराज बाबू लाल, सेवंती, विशाल, मोहित, हेमलता लक्ष्मी नारायण केसरी मल मोहन लाल रुवासिया आदि समाज बंधु उपस्थिति थे।

# माली सैनी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर गणेश स्थापना

- 19 जोड़ो ने एक साथ गणेश पूजन कर सामूहिक विवाह की शुरुआत की

**परबतसर,** (निस) । माली, सैनी समाज के द्वारा आगामी फुलेरिया दूज को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर उपखंड क्षेत्र के ग्राम बडू में छह गांव परबतसर, मकराना, बिदियाद,बोरावड, बडू, कालवा माली सैनी समाज सामूहिक विवाह समिति कि बैठक त्रिमूर्ति बालाजी मंदिर परिसर मे अध्यक्ष सत्यनारायण सिंगोंदिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई।इसी दौरान आचार्य पंडित विमल पारीक ने विधिवत विधी विधान से मंत्रोच्चार के साथ विनायक पूजन करवाकर गणेश स्थापना करवाई गई।

जिसके मुख्य यजमान नाथूलाल, केशरीमल, नवरतन टांक थे। आयोजित विनायक पूजन मे सम्मिलित वर–वधु सहित उनके माता पिता और समाज के सैकड़ो लोग भामाशाह सूरत के व्यापारी समाज सेवी भकरी निवासी श्यामसुन्दर सोलंकी कि अगुवाई मे गाजो बाजो के साथ प्रेमदास कि बगीची से त्रिमूर्ति बालाजी मंदिर पहुंचे बैठक में समाज सेवी वयोवृद्ध प्रेमराज सोलंकी ने कहा कि समाज को एकजुट होकर ज्यादा से ज्यादा सामूहिक विवाह करवाने के लिए प्रचार प्रसार करने के लिए प्रेरित किया जावे और समाज मे बढ रही कुरूतियो पर लगाम लगावे साथ हि आज के इस युग मे आर्थिक स्थिति से सुदृढ रहने के लिए सामुहिक विवाह मे अपने बालिक बालक बालिकाओ को ज्यादा से ज्यादा विवाह करवायें । इसी के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलन में 19 जोड़ों का पंजीयन कर गणेश पूजन करवाया गया। साथ विवाह मे शामिल होने वाले सभी जोड़ों को एक एक आलमारी भेंट करने की घोषणा श्यामसुन्दर सोलंकी भकरी के द्वारा की गई। सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर वधु को उपहार देने वालों ने फ्रीज़ विजय बनसटिया अजमेर अल ई डी – , नाथूलाल, मेटल टूल्स जयपुर नवरतमल पुत्र कन्हैयालाल टाक लाडनूं ,मनु मेटल टूल्स जयपुर, आलमारी श्याम सोलंकी भकरी , कूलर सुरेश गहलोत सरपंच, ओमप्रकाश गहलोत , पुखराज जी गहलोत बडू, सिलाई मशीन गोरधनराम सिंगोदिया बाग बैरा बडू, मिक्सी अर्जुन राम टीकमचंद शिवराम गहलोत पिपलिया बेरा बडू श्री रानाबाई कैंटीन सूरत निवासी बडू , छत पंखा सुगनाराम – नोरतमल मारोठिया भाकरी ( इमरती की ढाणी ), गेस चूल्हाओमप्रकाश पुत्र रामकरण कच्छावा हरसौर, 2 कुर्सी सेट और एक फ्रेश बाबूलाल जी कैलाश जी दगदी गूलर , स्टील टंकी 20 पुखराज जी पुत्र शंकरलाल खारोलिया इंदौर, प्रत्येक जोड़े को डबल बैड ब्लैकेट तनसुख जी सैनी / स्वर्गीय छोटूराम सैनी निवासी नांवा शहर, पानी का कैन 20 लिटर कस्तूरमल – महेन्द्र सिंगोदिया गैंडा कला,बाथरूम सेट विष्णु दत्त टाक परबतसर और डॉ. रामस्वरूप तुन्दवाल कालवा, गर्म खाने का टिफिन महेन्द्र कुमार – अमित कुमार मारोठिया ग्वालियर वाले बिदियाद,मार्बल का चकला बेलन रामादेवी / स्व श्री रामबल्लभ उबाणा आकाशिया बेरा बिदियाद,दिवार घडी हीरालाल सोलंकी बंगला वाले मकराना , दिवार घडी भागचंद टाक बोरावड़ ,मार्बल घडी बाबूलाल जी उबाना अगुणा बास बिदियाद, गर्म खाना का टिफिन गोविन्द राम गहलोत पिपलिया बेरा बडू ,गर्म पानी की केतली ओमप्रकाश पुत्र लिखमाराम सिंगोदीया नदी बेरा बडू सहित कई लोगो ने बढ़चढ़कर वर वधु को दिल खोल कर उपहार दिया है। पदाधिकारियों को प्रचार सामग्री का वितरण किया। आयोजित समिति कि बैठक में संरक्षक ठेकेदार सेवाराम दगदी, राम प्रसाद तंवर महिला संरक्षक गीता सोलंकी परबतसर माली समाज अध्यक्ष सत्यनारायण मालाकार, मकराना अध्यक्ष श्रवणलाल सोलंकी, बिदियाद अध्यक्ष कैलाशचंद तंवर, कालवा अध्यक्ष सुखदेव बागड़ी बडू अध्यक्ष नारायणराम गहलोत, बोरावड उपाध्यक्ष प्रकाश सोनगरा, उपाध्यक्ष गणपतलाल सोलंकी, महासचिव मनोज सैनी, बड़ सरपंच सुरेश माली, महिला मंडल महासचिव शयामाराणी सिंगोदिया, एडवोकेट गणपतलाल टांक, भोमा राम सोलंकी भकरी समिति के प्रवक्ता नौरतमल सिंगोंदिया समाज सेवी ओमप्रकाश सोलंकी बोरावड सहित कई गांवों से आए सैंकड़ो समाज के लोग उपस्थित रहे।

# तत्कालेश्वर महादेव मंदिर से बाबा महाकाल नगर भ्रमण के लिए शाही लवाजमे के साथ निकले



**शाही सवारी के दौरान शिव भक्ति में लीन नजर आए श्रद्धालु, डेढ़ किलोमीटर लम्बे शाही लवाजमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।**

**केकडी** (निस) । महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को शहर के पुरानी तहसील परिसर में तत्कालेश्वर महादेव मंदिर में विराजित बाबा महाकाल नगर भ्रमण के लिए अपने शाही लवाजमे के साथ निकले। इस मौके पर महाकाल सेवक समिति के द्वारा भव्य शाही सवारी निकाली गयी। शिवरात्रि के अवसर पर सुबह पूजा अर्चना के पश्चात 10.15 बजे बाबा महाकाल की मनमहेश प्रतिमा को पालकी में विराजित कर हाथो में पालकी उठाकर सेवक बाबा महाकाल को नगर भ्रमण के लिए लेकर निकले।

शाही सवारी शहर के मार्गो से होकर गुजरी तो पूरा माहौल भक्तिमय हो गया तथा गुलाल अबीर व फूलो से सडके सरोबार हो गयी। डेढ किलोमीटर लम्बे शाही सवारी के लवाजमे के दौरान डीजे की धून पर बजते महाकाल के भजनो पर भक्तगण नाचते गाते हुए शिव भक्ति में लीन होकर चल रहे थे। शाही सवारी के आगे समिति के सेवक बाबा महाकाल की शाही सवारी निकाले जाने का उदघोष करते हुए चल रहे थे वहीं पीछे पीछे बैण्ड बाजो व डीजे की धून पर नाचते गाते हुए श्रद्धालु महिला पुरूष शिव भक्ति में लीन होकर चल रहे थे। इस मौके पर शाही सवारी में 50 फीट लम्बे नंदी पर विराजित होकर महादेव व पार्वती का वेश धारण कर कलाकार महाबली हनुमान व महाबली शंकर चल रहे थे जो आकर्षण का केन्द्र रहे। शाही सवार में उज्जेन के 25 सदस्य अगौरी दल ने जगह जगह पर शिव ताण्डव, शिव विवाह, भस्म आरती सहित अनेक शिव विवाह से सम्बन्धित प्रसंगो का जीवन्त संगीत के बीच मंचन किया जिसको देखने के लिए श्रद्धालुओ की भारी भीड उमडी नजर आयी वहीं महाकाल सेवक समिति के सेवक गुलाल अबीर व फूलो की वर्षा करते हुए तथा शंख, मजीरा, ढो ताशे बजाते हुए शाही सवारी में शामिल हुए। शाही सवारी के आखिर बाबा महाकाल की मनमहेश प्रतिमा को पालकी में विराजित कर सेवक अपने कंधो पर पालकी को लेकर चल रहे थे। इस दौरान शहर के प्रमुख मंदिरो के बाहर बाबा महाकाल की आरती की गई। घण्टाघर पर बाबा महाकाल की शाही सवारी में शामिल होते हुए विधायक शत्रुघ्न गौतम ने पालकी उठाई तथा महादेव की आरती में शामिल हुए। शाही सवारी के दौरान शहर में जगह जगह पर धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संगठनो ने स्वागत द्वार बनाकर शाही सवारी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा सेवको के लिए जलपान की व्यवस्था की। शाही सवारी बस स्टेण्ड स्थित तत्कालेश्वर महादेव मंदिर से प्रारम्भ होकर पुलिस थाने के बाहर, तीन बत्ती चौराहा, अजमेरी गेट, घण्टाघर, सदर बाजार, खिडकी गेट, लोढा चौक, चारभुजा मंदिर, माणक चौक, सूरजपोल गेट, हरिजन बस्ती, भैरू गेट, बडा गुवाडा, सरसडी गेट, बस स्टेण्ड, अजमेर रोड, बीजासण माता मंदिर, चौपाटी होते हुए वापस तत्कालेश्वर महादेव मंदिर पहुंची पर बाबा महाकाल की भव्य आरती कर बाबा महाकाल की मनमहेश प्रतिमा को नवनिर्मित मंदिर में विराजित किया गया। नवनिर्मित मंदिर में विराजित हुए बाबा महाकाल, मंदिरो के शिखरो स्थापित किए कलश– महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा महाकाल की मनमहेश प्रतिमा को नवनिर्मित मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के बाद विराजित किया गया वहीं इस मौके पर तत्कालेश्वर महादेव मंदिर, बालाजी मंदिर व महाकाल मंदिर के शिखर शिखर पर प्रात: पूजा अर्चना के बाद कलश स्थापित किए गए। तत्कालेश्वर महादेव मंदिर में धर्मावलम्बी संजय खण्डेवाल द्वारा, बालाजी मंदिर में पार्षद लोकेश साहू व महाकाल बाबा में गुप्त सज्जन के द्वारा बोली छुडायी जाने पर मंदिर पुजारी द्वारा कलश की स्थापना की गई। इस मौके पर बडी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरूष मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### हर-हर महादेव से गूंजा हीरानाथ शिवधाम

**डूंडलोद, (निसं)।** शिवरात्रि के अवसर पर गांव के हीरानाथ शिवधाम आश्रम में सुबह से ही दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दिनभर श्रद्धालुओं ने 108 शिवलिंगों पर जलाभिषेक करके मनोकामना मांगी। महंत योगी जीतनाथ महाराज के सानिध्य में मंदिर परिसर में रामपुरा खोरी के 21 विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत गणपति पूजा के साथ धार्मिक आयोजनों का शुभारंभ हुआ। गणपति पूजा के बाद प्रधान शिवलिंग का दूध से रुद्राभिषेक किया गया। दोपहर 21 कुंडीय यज्ञ हुआ। जिसमें 21 श्रद्धालु सपत्निक हिस्सा लिया। सायंकाल को शिवलिंगों का अलौकिक शृंगार किया गया। शृंगार करके महाआरती की गई। वहीं आश्रम परिसर में ढप मंडली द्वारा ढप कार्यक्रम आयोजित किया गया। रात्रि को शेखावाटी के प्रसिद्ध संतों द्वारा देर रात्रि तक भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजनों से पूर्व प्रधान शिवलिंग को प्रसाद लगाकर महाप्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर आश्रम परिसर को फूल मालाओं व रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। मंदिर परिसर के बहार बच्चो के खिलौने, झूले व खाने पीने की स्टाल भी लगाई गई। जिसमें श्रद्धालुओं ने लुफ्त उठाया।

### महाशिवरात्रि पर्व मनाया

**झुंझुनूं, (निसं)।** स्थानीय पुरोहितों की बगीची स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। संस्था के मंत्री शिवचरण पुरोहित ने बताया कि प्रातःकाल से ही रात्रि तक भक्तों ने महाकाल की पूजा अर्चना कर भोलेनाथ को रिझाया। सायंकाल मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया गया। शिव महिम्न मंडल के सदस्यों ने पंडित संजू शर्मा एवं प्रदीप शर्मा के सानिध्य में सपरिवार भगवान आशुतोष की पांच प्रहर की पूजा अर्चना कर चार अभिषेक दुग्धाभिषेक, गन्ने के रस से, पंचामृत से और प्रयाग राज से लाए गए जल से अभिषेक किया तथा सामूहिक महिम्न पाठ किया। रात्रि को शुभकरण चोपदार एंड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति देकर महादेव को रिझाया। इस अवसर पर शिव महिम्न मंडल के सभी सदस्यों के अलावा विप्र सेना के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष महेश बसावतिया, ब्राह्मण समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष उमाशंकर महमिया, सुरेंद्र शर्मा, अनिल जांगिड, अनिल बाक्यान सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### महाकाल का अभिषेक संपन्न

**खिरोड़, (निसं)।** लोहार्गल के चौबीस कोसी परिक्रमा मार्ग में स्थित श्री वीर हनुमान दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर में स्थित महाकाल शिवालय में महाकाल का अभिषेक हुआ। श्री वीर हनुमान दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर संत आश्रम व लोहार्गल धाम के वैंकटेश बालाजी पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज ने बताया कि इस आश्रम में विराजमान महाकाल मंदिर में शिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान महाकाल अर्ध नारेश्वर शिव का रुद्राभिषेक किया गया। महाकाल के अभिषेक के दौरान अनेकों प्रकार के फलों के रस व गौमाता के दूध से और जड़ी बूंटियों युक्त जल से वेद विद्यालय के शुभम शास्त्री द्वारा व बटुकों के द्वारा अभिषेक संपन्न करवाया गया। इस में श्री वीर बालाजी मंदिर के महंत स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज के सानिध्य में रामपुरा व दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा अर्चना कर स्वामी अश्विनी आचार्य से आशीर्वाद लिया। अभिषेक के दौरान सैकडों श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

### फागोत्सव का आयोजन

**सीकर (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल वीरा महिला इकाई सीकर के द्वारा फागोत्सव एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इकाई की अध्यक्ष सानु मोदी ने बताया कि फागुन माह में हर वर्ष भांति महिलाओं द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। महिलाओं द्वारा सुंदरकांड का भव्य आयोजन किया। पाठ के बाद फागोत्सव कार्यक्रम किया गया। जिसमें महिलाओं द्वारा फुलों की होली की होली खेली गई।जिसमें सन्नू मोदी अध्यक्ष, किरण खेतान सचिव व शिवानी तिवाड़ी कोषाध्यक्ष, संगीता पहाडिया, कुसुम अग्रवाल, शालू मोदी, नीलम मिश्रा, अंजू अग्रवाल, भावना मोदी, चंदा गोयल, अरुणा जांगिड़, हेमा अग्रवाल, करिश्मा शर्मा, मनीषा झाझूका, पूनम बजाज, रजनी गोयल, संगीता खेतान, सविता अग्रवाल, पूजा चौधरी, नीतू पारीक, संतरा देवी, खुशबू गुप्ता, मंजू पंसारी, उर्मिला खेतान, हेमा अग्रवाल इत्यादि वीरा महिलाएं शामिल हुई।

# अवैध शराब के साथ हिस्ट्रीशीटर समेत दो गिरफ्तार

**सूरजगढ़, (निसं)।** स्थानीय पुलिस ने अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में एक हिस्ट्रीशीटर समेत दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है।

एसएचओ हेमराज मीणा ने बताया कि डीआईजी शरद चौधरी के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी वालों पर पैनी निगाह रखी जा रही है। इसी क्रम में हैड कांस्टेबल सीताराम को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि धोबली जोहड़ी में अवैध शराब के साथ एक युवक खड़ा हुआ है। जिस पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने धोबली जोहड़ी वार्ड नंबर छह निवासी 29 वर्षीय रामफल पुत्र संतलाल जाट को पकड़ा और उसके पास से एक कट्टे से 48 पव्वे अवैध शराब के बरामद किए। इस मामले में रामफल को थाने लाकर

■ **हिस्ट्रीशीटर रामफल पर पहले से 12 मामले दर्ज हैं**

पूछताछ की गई और गिरफ्तार किया गया। एसएचओ मीणा ने बताया कि रामफल जाट थाने का हिस्ट्रीशीटर है। जिसके खिलाफ जोधपुर और चिड़ावा में एक-एक और सूरजगढ़ थाने में पूर्व में 10 मामले गंभीर धाराओं में पहले से दर्ज है।

इसी क्रम में थाने के हैड कांस्टेबल राजेश कुमार ने भी रघुनाथपुरा टोल बूथ के आगे श्याम होटल के पास दबिश देकर सुलताना थाना इलाके के महरमपुर निवासी 35 वर्षीय सुरेश कुमार पुत्र रामसिंह जाट को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक प्लास्टिक के कट्टे में 45 पव्वे अवैध शराब के भी जब्त किए है। दोनों कार्रवाई एसएचओ हेमराज मीणा के निर्देशन में की गई। जिसमें हैड कांस्टेबल सीताराम, धर्मवीर, राजेश, कांस्टेबल धर्मेंद्र, परमेंद्र, महेश, महिपाल और संदीप कुमार शामिल थे।

**2014 से सक्रिय अपराधी है हिस्ट्रीशीटर रामफलः-** आपको बता दें कि गिरफ्तार किए गए हिस्ट्रीशीटर रामफल का आपराधिक रिकॉर्ड 2014 से है। सबसे पहला मामला रामफल के खिलाफ सूरजगढ़ थाने में मारपीट और एससी एसटी की धाराओं में दर्ज हुआ था। इसके बाद जोधपुर ग्रामीण जिले के खेडपा थाने के अलावा मारपीट के सूरजगढ़ थाने में कई मामले दर्ज है। आबकारी अधिनियम का भी एक मामला पूर्व में सूरजगढ़ थाने और एक मामला चिड़ावा थाने में दर्ज है।

### भोलेनाथ का दूध से महाअभिषेक किया

**मुकुंदगढ़, (निसं)।** बाईपास रोड पर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर एवं आश्रम परिसर में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा भक्ति एवं आस्था के साथ मनाई। आश्रम में पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महंत चेतननाथ महाराज व अभयनाथ महाराज के सानिध्य में महा अभिषेक कर महाआरती कर भक्तों को प्रसाद देकर आशीर्वाद दिया। इसी प्रकार घुवाले वाला शिवालय में भोलेनाथ का विशेष फूलों से शृंगार कर पंडित मनोज सुरोलिया के सानिध्य में भक्तों ने महा अभिषेक कर महाआरती कर पंगत में प्रसादी ग्रहण की। कस्बे के बस स्टैंड रोड पर स्थित ठड्डे वाले बालाजी मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर सुबह से ही भोलेनाथ के भक्तगण पहुंचने लगे और अभिषेक किया। इस मौके पर भक्तों ने मंदिर पुजारी सुभाष शर्मा के सानिध्य में भक्तों द्वारा बाबा भोलेनाथ के अनेक भजनों की प्रस्तुति देखकर भोलेनाथ को रिझाया। इसके बाद भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया।

### महादेव को रिझाया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)।** भगवा रक्षा वाहिनी की ओर से महाशिवरात्रि पर बाबा भूतनाथ का प्रयागराज कुंभ के त्रिवेणी संगम तट के जल से जलाभिषेक कर काजलिया आरती का आयोजन किया। वाहिनी के अध्यक्ष जयशंकर पुजारी ने बताया की बाबा भूतनाथ के दरबार में प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि व श्रावण के सोमवार को काजलिया आरती की जाती है जिसमें भगवान भोलेनाथ के भक्त काजल डाल कर दोपहर में बाबा भूतनाथ के जलाभिषेक कर श्रृंगार कर काजलिया आरती बडी श्रद्धा के साथ करते है। इस पर अध्यक्ष जयशंकर पुजारी महामंत्री अमित कुमार जोशी उपाध्यक्ष ताराचंद ठेकेदार नवीन काछवाल सहित श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

# शोभायात्रा में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा

**चूरू (निसं)।** स्थानीय प्रतिभा नगर स्थित श्री श्याम मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। शिवरात्रि के अवसर पर बाबा श्याम का रंग-बिरंगे फूलों से मन्दिर व शिव दरबार को फूलों से सजाया गया।

मंदिर के पुजारी संतोष बुढ़ाढरा ने बताया मंदिर प्रांगण में सुबह से श्रद्धालुओं का तांता शुरू हुआ, जिसमें बाबा श्याम और भगवान शंकर की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान भगवान शंकर का आक, फूल, दूध, दूब, गाजर, बैर, धतूरा व दीपक जलाकर पूजा अर्चना की गई। मंदिर प्रांगण में श्रद्धालु महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन कर वातावरण को धार्मिक मय बना दिया। श्री श्याम मित्र मंडल आयोजन समिति के कैलाश चंद्र नवहाल ने बताया कि पुजारी संतोष भुढ़ाढरा ने बाबा श्याम की ज्योत लेकर श्याम प्रभु की निशान व शोभायात्रा को रवाना किया गया।

नवहाल ने बताया कि शोभायात्रा में ऊंट घोडी, नासिक का ढोल, 101 निशान, श्री श्याम रथ पर श्याम प्रभु विराजे, फौजी बैंड और डीजे व औमास ओजस आर्ट ग्रुप हिसार हरियाणा के रोहित चौहान के सानिध्य में शिव पार्वती झांकी व गणेश भगवान की झांकी, तिरुपति बालाजी झांकी व मतस्य अवतार की सजीव झांकियां सभी के आकर्षण का केंद्र रही। नासिक के ढोल पर फौजी बैंड ने वातावरण को गुंजायमान कर दिया। शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा का आलम यह था कि श्याम भक्त निशानों के साथ श्याम की धमालों पर नाचते गाते हर किसी को आकर्षित कर रहे थे। शहर के अनेक स्थानों पर सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा शीतल जल की व्यवस्था की गई कई। शोभायात्रा के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया व विजय शर्मा भी उपस्थित थे।जगह-जगह तोरण द्वार बनाकर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया।

# गौ सेवा से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं : राठौड़

**चूरू (निसं)।** ग्राम चलकोई की गौशाला में श्री कृष्ण गौ सेवा समिति की ओर से श्री राधा कृष्ण मंदिर व शिव मंदिर में बुधवार को मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड थे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण थे। गौशाला अध्यक्ष ध्रुवपाल सिंह ने बताया कि इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले भामाशाहों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने भामाशाहों की ओर से बनाए गए गौ अस्पताल, अनाज भंडार व चारा भंडार का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजेन्द्र राठौड ने कहा कि भगवान की भक्ति करने से मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में सेवा करनी चाहिए। जिससे मनुष्य के मन को सन्तुष्टि मिलती है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं है।

इस दौरान नव निर्मित मंदिरों की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा शास्त्री रामस्वरूप शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर की गई। कार्यक्रम में वापी के गायक महेंद्र स्वामी ने एक शाम गौ माता के नाम कार्यक्रम में भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। भजन संध्या में बड़ी संख्या में आसपास के गांवों के महिला-पुरूष उपस्थित थे। समारोह में समाजसेवी मेघराज सिंह रॉयल, पूर्व जिलाध्यक्ष गौरीशंकर मंडावेवाला, प्रधान दीपचंद राहड़, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, प्रदेश महामंत्री वासुदेव चावला, अमरपुरा धाम के मंहत सुरेन्द्र सिंह राठौड़, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, विक्रम सिंह कोटवाद, जिला महामंत्री चंद्राराम गुरी, राजवीर सिंह चलकोई, भाजपा एसीएसटी मोर्चा के प्रदेश सचिव सीताराम लुगरिया, कथावाचक बुधराम शर्मा व समाज सेवी ओमप्रकाश गुरावा आदि उपस्थित थे। गौशाला के राजेंद्र दाधीच ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### होली स्नेह मिलन समारोह 14 मार्च को

**झुंझुनूं, (निसं)।** अग्रवाल समाज समिति की पदाधिकारियों की आकस्मिक चर्चा के लिए मीटिंग का आयोजन अग्रसेन भवन झुंझुनूं में किया गया। जिसमें सर्वप्रथम अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला के निधन पर एक मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सभा की अध्यक्षता उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी ने की। कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री शिवचरण हलवाई, उपाध्यक्ष रघुनाथप्रसाद पोद्दार, कोषाध्यक्ष राजेश केजड़ीवाल, उप सचिव अनिल केजड़ीवाल, आशीष तुलस्यान, भवन इंचार्ज अजीत राणासरिया, पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान एवं जुगलकिशोर मोदी उपस्थित है। जिन्होंने सर्वसम्मति से 14 मार्च को होली स्नेह मिलन, मनोरंजक कार्यक्रम एवं अग्र प्रसाद, 30 मार्च को साधारण सभा का आयोजन करने व नई कार्यकारिणी के चुनाव किया जाना तय किया गया। वहीं 30 मार्च को आयोजित सभा में चुनाव करवाने के लिए चुनाव अधिकारी डॉ. दिलीप मोदी को नियुक्त किया गया। होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का संयोजक आशीष तुलस्यान को बनाया गया।

### यातायात जागरुकता कार्यक्रम

**झुंझुनूं, (निसं)।** लॉयंस क्लब झुंझुनूं द्वारा हवाई पट्टी चौराहे पर स्थित एसजी लर्नर्स सीनियर सैकंडरी स्कूल में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा तथा वाहन चलाते समय बरती जाने वाली विभिन्न सावधानियां के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा पंपलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में क्लब उपाध्यक्ष प्रथम लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष लॉयन किशनलाल जांगिड़, एमजेएफ लॉयन उमर कुरैशी, लॉयन महिपालसिंह, लॉयन शिवकुमार जांगिड़ तथा विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय निदेशक कानसिंह शेखावत, प्राचार्य योगेंद्रसिंह शेखावत, भावेश शेखावत व विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के अंतर्गत लॉयन शिव कुमार जांगिड की ओर से उपहार प्रदान किए गए।

### पति-पत्नी को समझाईश कर फिर से घर बसाया

**सीकर (निसं)।** पति पत्नियों के बीच चल रहे आपसी विवाद को समझाईश कर फिर से घर बसाने का काम महिला थाना द्वारा लगातार किया जा रहा है महाशिवरात्रि के उपलक्ष में महिला थाना अधिकारी मुनेशी मीणा ने एक बार फिर 2 वर्षों से अलग रह रहे पति-पत्नी को समझा कर उनका वापस से घर बसाने का नेक काम किया है प्रिया देवी पत्नी विकास जाति वाल्मीकि निवासी जवाहर नगर कच्ची बस्ती जयपुर हाल निवासी फाटक नंबर 3 सीकर को आज महिला थाने पर बुलाकर समझाया गया समझाईश में महिला थाना अधिकारी ने अहम भूमिका निभाते हुए दोनों पति पत्नियों को फिर से एक करते हुए चल रहे मनमुटाव को खत्म किया पति-पत्नी के बीच चल रहे झगडे के कारण 8 वर्षीय पुत्र भी काफी परेशान था अब पति-पत्नी के बीच समझौता होने पर 8 वर्षीय बालक के चेहरे पर भी खुशी छा गई।

### श्याम भजन संध्या फागोत्सव का आगाज

**रतनगढ़ (निसं)।** सिद्धपीठ श्री तालवाले बालाजी श्यामजी मंदिर प्रांगण में श्री श्याम मोरछडी दीवाने परिवार द्वारा फागोत्सव मनाया गया। संजय मुरारका द्वारा ज्योति प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में गायक एस.पी. वर्मा संजय मुरारका, शुशीला बंशीवाल, अंकिता बंशीवाल, नवरतन बबेरवाल, शैलेन्द्र त्रिवेदी,बलबीर स्वामी, मोहन शर्मा, अशोक गौड, किशन शर्मा, विकाश जैन आदि ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। पुजारी निलेश इन्दोरिया व अंजनी इन्दोरिया द्वारा पुष्प वर्षा कर भक्तों का स्वागत किया गया।

### महादेव मंदिर में भक्तों का तांता लगा

**झुंझुनूं, (निसं)।** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में सेठ मोतीलाल कॉलेज स्टेडियम के पास इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर परिसर में स्थित श्री चंद्रेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों का तांता लगा। अल सुबह से ही भोले बाबा को रिझाने के लिए भक्त मंदिर में आने लगे। निवर्तमान पार्षद एवं मंदिर के पुजारी चंद्रप्रकाश शुक्ला ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भोले को रिझाने के लिए भक्तगणों की भारी भीड़ उमड़ी।


BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference



Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

**Programmes offered**

**ENGINEERING & TECHNOLOGY**
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. Integrated* (Comp. Sc./Mechatronics)*
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Computer Science/IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design)
M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)
Three Year Diploma (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics )*

**MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES**
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research$
B.Sc. (Data Science)/B.Sc. (Data Science) Hons.
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Data Science) | M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
M.Sc. (Physics)
MCA/PGDCA

**ARCHITECTURE & PLANNING**
B.Arch.+

**LAW**
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

**LIFE SCIENCES**
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Biotechnology)
B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry) | M.Sc. (Microbiology)
M.Sc. (Botany) | M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) | M.Sc. (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)

**EARTH SCIENCES**
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) | M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

**MANAGEMENT STUDIES**
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$
MBA (Integrated) | BSW | M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

**FINE ARTS**
M.A. Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

**AVIATION**
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

**DESIGN**
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) | M.Des.

**JOURNALISM & MASS COMMUNICATION**
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

**HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES**
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, French, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, German)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

**EDUCATION**
B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.* (Secondary/Middle)#, B.Ed., M.Ed.

**HOME SCIENCE**
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

**NURSING**
B.Sc. Nursing*

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
Ph.D. : Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2025-26
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to approval
LAST DATE FOR APPLICATION
30 April, 2025

**SCHOOL EDUCATION DIVISION**
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

**Enquiries can be made at**
- For general enquiry: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
- For UG/PG Admissions:
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

**How to Apply**
For each programme a separate application is required through either:
Option 1 : Online submission of application at the University's website: http://www.banasthali.org or
Option 2 : Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of "Banasthali Vidyapith" Payable at Banasthali/Jaipur to: Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)
Scan to explore

**Scholarships**
The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE World University Rankings 2025
nirf All India Rank
QS University Rankings Asia

## महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**कोटा, (निसं)।** नयापुरा इलाके में एक महिला ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय महिला घर में अकेली थी। परिजन शादी समारोह में गये हुए थे, जब परिजन वापस आये और महिला को आवाज देने पर दरवाजा नही खोला तो पड़ौसी के मकान से अंदर देखा तो परिजनों को घटना का पता चला।

परिजन महिला को नीचे उतार कर एमबीएस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। नयापुरा थाने के एसआई नंद सिंह ने बताया कि मृतका नयापुरा निवासी भगवती बाई (40) है। एसआई ने बताया कि मामले मे सामने आया कि परिवार के सदस्य भात लेकर ऑटो से जाने के लिये निकले थे परिजनों ने भगवती को पीछे वाले ऑटो में बैठने को कहा कि जिस पर भगवती नाराज होकर वापस घर में चली गई।

जब पति और बेटा उसे मनाने के लिये गया उसके बाद भी महिला ने साथ जाने से मना कर दिया, जिसके बाद परिवार के सभी सदस्य चले गये महिला घर में अकेली थी। एसआई ने बताया कि महिला ने अंदर से कुंदी लगाकर साड़ी को पंखे के हुक में बांधकर फांसी का फन्दा लगा लिया।

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने महाशिवरात्रि पर विभिन्न शिव मंदिरों में की पूजा अर्चना

**जयपुर, ।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर अजमेर के विभिन्न शिव मंदिरों में पूजा अर्चना की, माथा टेका एवं सभी की सुख-समृद्धि एवं प्रदेश में खुशहाली की कामना की। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इस अवसर पर कहा

- **सनातन संस्कृति की एकता का परिचायक है महाकुंभ**

कि हमारे देश की प्राचीन संस्कृति और सनातन परम्परा समृद्ध है। ऐसी पुरातन एवं वैभवशाली सनातन संस्कृति और परम्परा दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलती है।

यहां दुनिया का सबसे बडा मेला कुंभ भी आयोजित हो रहा है। जहां गंगा जी में स्नान करने दुनिया भर से करोड़ों भक्त पहुंचे हैं।

उन्होंने महाशिवरात्रि पर श्री ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ, पुष्कर में परम् पूज्य राष्ट्र संत गोविंद देव गिरी जी महाराज का सान्निध्य और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि महाराज जी के दिव्य मार्गदर्शन से आध्यात्मिक उन्नित, भारतीय संस्कृति के संरक्षण और समाज सेवा की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उनके विचार और उपदेश जीवन में सकारात्मकता और कर्तव्यनिष्ठा का संचार करते हैं। उनके आशीर्वचनों से सत्य, आध्यात्म और राष्ट्र भक्ति की भावना प्रबल होती है, जो जीवन को सच्चे अर्थों में सार्थक बनाने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करता है। इससे पूर्व उन्होंने अर्जी वाले महादेव मंदिर रसायन शाला से पूजा पाठ से अपने दर्शन शुरू किए। इसके पश्चात भोलेश्वर महादेव मंदिर जनता कॉलोनी वैशाली नगर, श्री चित्रकूट धाम, पुष्कर में 11 फीट के शिवलिंग के दिव्य-अलौकिक दर्शन कर भोलेनाथ का अभिषेक किया, वैद्य नाथ मंदिर पुष्कर रोड, जतोई दरबार नगीना बाग में महाशिवरात्रि के विशेष अवसर पर मत्था टेका और सभी के सुख व समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अजमेर के वैशाली नगर में भोलेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। देवनानी के साथ सीताराम शर्मा दीपेंद्र लालवानी सुरेश चारभुजा विक्रम सिंह राठौड़ संदीप तंवर आदि उपस्थित रहे।



शिव मंदिरों में सभी की सुख-समृद्धि एवं प्रदेश में खुशहाली की कामना की।

## भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर सम्मान

**भीलवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर प्रशांत मेवाड़ा का राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के पदाधिकारियों ने जिला कार्यालय पर उनका स्वागत सम्मान किया।

माली महासभा के जिला महामंत्री सत्यनारायण गुलगांवा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर प्रशांत मेवाड़ा का राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के पदाधिकारियों ने जिला कार्यालय पर उनका स्वागत सम्मान किया।

माली महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाललाल माली व जिला अध्यक्ष भैरूलाल माली के नेतृत्व में माली महासभा के पदाधिकारियों एवं माली समाज के कई लोगों द्वारा मेवाडा का दुपट्टा पहना व मेवाडी पगडी बंधवाकर भव्य स्वागत सम्मान किया गया।

इसी अवसर पर एक मार्च को पुर में आयोजित होने वाले माली समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन का भी मेवाड़ा को न्यौता दिया गया।

इस अवसर पर मेवाड़ा ने माली महासभा के पदाधिकारियों एवं सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकत कर समाज की गतिविधियों के बारे में चर्चा की।

## सार-समाचार

### नकली घी के संदेह में माल पकड़ा

**जोधपुर, (कासं)।** पुलिस आयुक्तालय जोधपुर के पूर्व जिला पुलिस ने डांगियावास क्षेत्र में नकली घी के संदेह में काफी मात्रा में माल को जब्त किया। माल एक गाड़ी से दूसरी में शिफ्ट किया जा रहा था। पुलिस ने मौके पर दो तीन संदिज्ध लोगों को भी पकड़ा, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बाद में फूड निरीक्षक को बुलाकर सैंपलिंग करवाई है। संदेह है कि डांगियावास में किसी स्थान पर नकली घी को तैयार किया जा रहा है जोकि नामी ब्राण्ड के नाम से बेचा जाता है। कंपनी प्रतिनिधि की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। अब आरोपी के खिलाफ कॉपी राइट एवं धोखाधड़ी में प्रकरण दर्ज किया है। प्रशिक्षु आईपीएस एवं कार्यवाहक डांगियावास थानाधिकारी आसिमा वासवानी ने बताया कि मंगलवार की शाम को सूचना मिलने पर पुलिस डांगियावास क्षेत्र में पहुंची थी। तब पता लगा कि एक गाड़ी से दूसरी में नकली घी को शिफ्ट किया जा रहा है। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर वहां 15-15 किलोग्राम के 12 खोखे को जब्त किया है। नामी कंपनी का ब्राण्ड लेबल लगा हुआ था। घी नकली होने के अंदेशे से फूड इंस्पेक्टर को बुलाया गया और सैंपलिंग करवाई गई है। प्रशिक्षु आईपीएस आसिमा ने बताया कि मौके पर दो तीन संदिज्ध को पकड़ा गया है। मामले में उत्तरप्रदेश के नोएडा निवासी विनय कुमार की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें अंब पीपाड़ शहर के पंकज पुत्र नंदकिशोर राठी को नामजद किया गया है। फिलहाल उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### एमपी से लाया गया अफीम का दूध पकड़ा

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर की करवड़ पुलिस ने देसूरिया विश्नोईयान स्थित गौड़ कॉलोनी में एक किराए के कमरें में रहने वाले श्रमिक के यहां से 656 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया है। उसे एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया है। अफीम का दूध वह मध्यप्रदेश के स्वरास से लाना बता रहा है और यहां स्थानीय लोगों को बेचने के लिए लाया था। फिलहाल उससे और तफ्तीश की जा रही है। थानाधिकारी लेखराज सिहाग ने बताया कि मुखबिरी सूचना मिली कि देसूरिया विश्नोईयान स्थित गौड़ कॉलोनी में किराए पर रहने वाला श्यामलाल पुत्र रामलाल मेघवाल अवैध रूप से मादक पदार्थ तस्करी का कार्य करता है। इस पर पुलिस की टीम ने वहां पर रेड दी और उसके कमरें से 656 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया। वह मूल रूप से झालावाड़ के ठिकरिया गांव का रहने वाला है और यहां पर मजदूरी करता है। थानाधिकारी लेखराज सिहाग के अनुसार आरंभिक पूछताछ में उसने बताया कि वह यह अफीम का दूध मध्यप्रदेश के स्वरास से लाया था। मामले में अब अग्रिम जांच मथानिया थानाधिकारी जयकिशन सोनी की तरफ से की जा रही है।

### ताले तोड़ कर लाखों का ग्वारगम चुराया

**जोधपुर ।** शहर के सालावास रोड पर आए एक वेयर हाउस में 23-24 फरवरी की रात को अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर वहां से लाखों का ग्वारगम ले गए। पिकअप में आए चोरों ने 50 बैग ग्वारगम के ले गए। सीसीटीवी फुटेज चैक करने पर संदिज्ध पिकअप नजर आई। पुलिस अब इस बारे में गाड़ी का पता लगाने के साथ चोरों की तलाश में जुटी है। वेयर हाउस के मैनेजर ने इस बारे में विवेक विहार थाने में रिपोर्ट दी है। मामले के अनुसार लूणी तहसील के भटिण्डा में रहने वाले अर्जुन पुत्र घेवरराम मेघवाल ने यह रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह स्ट्रार एग्रीवेयर हाउसिंग कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उसकी कंपनी का एक वेयर हाउस सालावास रोड पर मंजू जैन वेयर हाउस नाम से आया है। महिनो दो तीन बार इस वेयर हाउस में स्टॉक चैक किया जाता है। 24 फरवरी को स्टॉक चैक करने पहुंचे तब मैन गेट के ताले टूटे मिले। अंदर जाकर चैक करने पर 50 बैग ग्वारगम के कम पाए गए। एक बैग में 50-60 किलोग्राम ग्वारगम आता है। यहां लगे सीसीटीवी फुटेज चैक करने पर मालूम हुआ कि 23-24 फरवरी की रात में एक पिकअप आई थी। जिसमें माल भरकर ले गई। कुछ संदिज्ध लोग नजर आए है। यह पिकअप बाद में गोरा होटल होते हुए जयपुर बाइपास की तरफ जाती नजर आई। मैनेजर अर्जुन मेघवाल की रिपोर्ट पर विवेक विहार पुलिस अब गाड़ी की पहचान के साथ चोरों की तलाश में जुटी है।

### घायल श्रमिक की मौत

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के बोरानाडा स्थित रिको एरिया में सोमवार की शाम को निर्माणाधीन भवन पर कार्य करते एक हाइड्रो के्र न पलटी खा गई थी। जिसमें कार्य कर रहा श्रमिक नीचे गिरने से घायल हो गया था। अब इस श्रमिक की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। उसकी पत्नी ने हाइड्रो के चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। बोरानाडा पुलिस ने बताया कि नई भाखरी सूरसागर निवासी इरफान सोमवार को बोरानाडा रिको एरिया पेपसी तिराहा के पास में एक निर्माणाधीन भवन पर कार्य कर रहा था। वह हाइड्रो के्र न पर चढ़ा हुआ था। तब यह क्रेन अचानक से पलटी खा गई और जिससे इरफान नीचे गिर गया और बुरी तरह घायल हो गया था। इस पर उसे मजदूरों की मदद से तत्काल अस्पताल ले जाया गया। मगर उसकी बाद में मौत हो गई। घटना को लेकर वीडियो भी वायरल हुआ था। मृतक इरफान की पत्नी सानू ने इस बारे में बोरानाडा थाने में क्रेन चालक राजन भंडारी के खिलाफ क्रेन का लापरवाही से चलाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द कर दिया।

### मुख्यमंत्री ने दी प्रस्ताव को मंजूरी

**जयपुर ।** प्रदेश की कृषि मंडियों में आधारभूत सुविधाएं सुदृढ करने की दिशा में राज्य सरकार निरन्तर महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हनुमानगढ़ टाउन कृषि उपज मंडी समिति के मंडी यार्ड में विद्युत, मरम्मत एवं नवीन निर्माण कार्यों के लिए 8 करोड़ 47 लाख रूपये से अधिक की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है। मुख्यमंत्री शर्मा के इस निर्णय से हनुमानगढ़ टाउन कृषि उपज मंडी समिति के मंडी यार्ड में कृषि जिन्स को बारिश के पानी से बचाने के लिए कवरिंग शेड का निर्माण, फ्लड लाइट्स, सी.सी.टी.वी कैमरे लगाने आदि के कार्य किये जाएंगे।

# रीट की आज से शुरू होगी परीक्षाएं

## डमी अभ्यर्थियों को रोकने के लिए फेस रिकग्निशन तकनीक का इस्तेमाल

**अजमेर, (कासं)।** दो दिवसीय रीट परीक्षा 2024 27 व 28 फरवरी को प्रदेश के 41 जिलों में एक हजार 731 केंद्रों प आयोजित होगी। परीक्षा नोड एजेंसी राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा में डमी अभ्यर्थी और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फेस रिकग्निशन तकनीक का उपयोग करेगी। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। परीक्षा में करीब 14 लाख 29 हजार 822 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

परीक्षा नोडल एजेंसी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि परीक्षा दो दिन आयोजित की जाएगी। पहले दिन 27 फरवरी को प्रथम पारी में 4 लाख 61 हजार 321 और द्वितीय पारी में 5 लाख 41 हजार 599 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहले दिन 10 लाख 2 हजार 920 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। 28 फरवरी को 5 लाख 41हजार 598 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। लेवल-1 (कक्षा 1 से 5 के लिए) 34 लाख 46 हजार 625 अभ्यर्थी.लेवल-2 (कक्षा 6 से 8 के लिए) 9 लाख 68 हजार 501 अभ्यर्थी तथा दोनों लेवल के लिए 1 लाख 14 हजार 696 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड हुए हैं।

**डमी अभ्यर्थियों को रोकने के लिए फेस रिकग्निशन:**

सचिव शर्मा ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर डमी अभ्यर्थियों को रोकने के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पहली बार अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड में क्यूआर कोड और फेस रिकग्निशन तकनीक का उपयोग किया गया है। परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड में लगी फोटो का मिलान लाइव फोटो से किया जाएगा।

यदि तस्वीर मेल नहीं खाती तो प्रवेश नहीं दिया जाएगा। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर अंगूठे का निशान (फिंगरप्रिंट स्कैनिंग) भी ली जाएगी। परीक्षा केंद्र का गेट समय पर बंद कर दिया जाएगा,

- **रेलवे ने परीक्षार्थियों के लिए चलाई विशेष ट्रेन**
- **सीसीटीवी से निगरानी होगी**

जिसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा से दो घंटे पहले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा।

**परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी से निगरानी:** उन्होंने बताया कि परीक्षा सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पेपर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रश्न पत्र को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने, खोलने और परीक्षा कक्ष तक ले जाने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफ कराई जाएगी,साथ ही पेपर कोऑर्डिनेटर और फ्लाइंग टीम के साथ वीडियोग्राफर मौजूद रहेगा। परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले पूरी व्यवस्था को जांचा जाएगा।

### केंद्रों पर अभ्यर्थियों की संख्याः

प्रदेश के 41 जिलों में परीक्षा आयोजित होगी। सबसे अधिक परीक्षा केंद्र जयपुर (233) में बनाए गए हैं, जबकि सबसे अधिक अभ्यर्थी भी जयपुर (2 लाख 70 हजार 18) में परीक्षा देंगे। इसी प्रकार अलवर जिले में 74 केंद्रों पर 65 हजार 954 अभ्यर्थी, भरतपुर जिले में 93 केंद्रों पर 74 हजार 164 अभ्यर्थी, जोधपुर जिले में 75 केंद्रों पर 64 हजार 999 अभ्यर्थी, कोटा जिले में 67 केंद्रों पर 53 हजार 780 अभ्यर्थी, सीकर जिले में 51 केंद्रों पर 41 हजार 877 अभ्यर्थी, उदयपुर जिले में 55 केंद्रों पर 56 हजार 854 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

## पशु कल्याण पर राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

**उदयपुर, (कासं)।** रासायनिक उर्वरकों के बेजां इस्तेमाल से धरतीमाता और पॉलीथिन व अन्य डिस्पोजेबल सामाग्री से गोमाता की सेहत इतनी बिगड चुकी है कि वह दिन दूर नहीं जब दोनों माताएं स्पष्ट बोल देंगी कि 'बच्चों माफ करना अब हम खाद्यान्न और दूध देने में असमर्थ है'। यह बात स्कूल शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कही। मंत्री दिलावर बुधवार को राजस्थान कृषि महाविद्यालय के नूतन सभागार में 'कृषि दक्षता और पशु कल्याण को सुदृढ बनाने की दिशा में सटीक पशुधन प्रबंधन तकनीक' विषयक तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में देशभर के 29 प्रांतों के लगभग चार सौ वैज्ञानिक, पशुधन के ज्ञाता व किसान भाग ले रहे हैं।

दिलावर ने कहा कि गोमाता नहीं होती तो ये सृष्टि भी संभवतया नहीं होती। गोमाता के होने मात्र से हमने खाद्यान्न उत्पादन आरंभ किया, लेकिन अफसोस इस बात का है कि गोमाता की नस्ल ही बिगड गई। आज असली गोमाता के दर्शन तक दुर्लभ है। गिर, साहीवाल, थारपारकर गायों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जिनका कंधा ऊंचा हो, सही मायने में उन्हीं गायों का दूध लाभप्रद है।

## मंत्री ने बिना नाम लिए डोटासरा पर साधा निशाना, पलटूराम कहा

- **पटेल ने कहा कि एक व्यक्ति की वजह से पूरी विधानसभा और पार्टी हाईजैक हो गई है।**
- **कैबिनेट मंत्री पटेल ने जोधपुर में पत्रकारों से वार्ता की**

**जोधपुर, (कासं)।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बिना नाम लिए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा को पलटूराम कहा । पटेल ने कहा कि एक व्यक्ति की वजह से पूरी विधानसभा और पार्टी हाईजैक हो गई है। मैंने और मुख्यमंत्री ने प्रयास भी किया। इसी प्रयास से विधानसभा में चल रहे गतिरोध का निस्तारण हुआ। इसके विपरीत जाकर उस पलटूराम ने आचरण किया। वे बुधवार को मीडिया से सर्किट हाउस में रूबरू थे। यहां उन्होंने विधानसभा में चल रहे विवाद को लेकर मीडियाकर्मियों से बात की।

कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि विधानसभा में चल रहा गतिरोध कांग्रेस की ही अंतर्कलह से जुड़ा है। दिल्ली में अपने नंबर बढ़ाने के चक्कर में एक नेता नहीं चाहते कि उन्हीं की पार्टी के नेता प्रतिपक्ष सदन में बोले। ये इन्हीं की साजिश लग रही है और ऐसी चर्चाएं कई दिनों से चल रही है। पटेल ने कहा कि हमारा तो अब भी यही प्रयास है कि गतिरोध खत्म हो और सदन में सभी दल अपनी बात रखे, लेकिन सुनने में आ रहा है कि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, जिन्होंने पहले से पूरी तैयारी कर रखी थी। वे सदन में नहीं बोल पाए। इसके लिए एक नेता ये पूरा हंगामा करके लाइमलाइट में आना चाह रहे हैं जबकि, वे चाहते तो नेता प्रतिपक्ष का वक्तव्य सदन में रखने के बाद भी हंगामा कर सकते थे लेकिन, उन्होंने ऐसा नहीं किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हम तो कांग्रेस के सभी नेताओं से अपील कर रहे हैं कि गतिरोध खत्म करने के लिए वे भी आगे आएं और आपस में बैठकर वार्ता के जरिए समाधान निकाला जाए।

बता दें कि विधानसभा में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को लेकर की गई टिप्पणी और उसके बाद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत 6 कांग्रेस विधायकों को सस्पेंड करने के बाद गतिरोध बढ़ गया। इसे खत्म करने के लिए शनिवार को भी संसदीय कार्य मंत्री पटेल और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने वार्ता कर सहमति बनाने के प्रयास किए थे, लेकिन बात नहीं बन पाई।

## लुटेरों ने 14.69 लाख की नगदी से भरा बैग लूटा

**जोधपुर, (कासं)।** बासनी थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह बाइक पर सवार दो लुटेरे एक फैक्ट्री मुनीम का नोटों से भरा बैग छीनकर ले गए।

बैग में 14 लाख 69 हजार रुपए थे। घटना की जानकारी मिलते ही बासनी थानाधिकारी नितिन दवे मय जाब्ते मौके पर पहुंचे। मुनीम से घटना की जानकारी ली। उन्होंने मामले में त्वरित कार्रवाई के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों को अलर्ट कर टीमें गठित की और लुटेरों की तलाश शुरू करवाई। अंदेशा है कि रैकी कर इस घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने घटना के सीसीटीवी फुटेज जुटाए हैं । इसके आधार पर लुटेरों की तलाश की जा रही है।पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी के आधार पर लुटेरों का पता लगाया जा रहा है। लुटेरों ने हेलमेट पहन रखा था। बासनी थाना क्षेत्र के तनावड़ा व सांगरिया फांटा के बीच यह घटना हुई थी। चैनसुख सुथार की सांगरिया में उपकरण बनाने की फैक्ट्री है। चैनसुख ने प्लॉट के रुपए मुनीम को दे रखे थे। सुबह फोन कर सुथार ने मुनीम राजेंद्र सिंह से रुपए मंगवाए। रुपए का बैग लेकर राजेंद्र सिंह फैक्ट्री जा रहा था। इस दौरान तनावड़ा व सांगरिया के बीच बुलेट पर सवार लुटेरे अचानक ओवर टेक करके आगे आ गए। इसके चलते राजेंद्र सिंह को बाइक रोकनी पड़ी।

# दो माह से बंद पड़ी कस्बे की श्री अन्नपूर्णा रसोई

**मसूदा, ( निसं )।** पूर्व कांग्रेस सरकार ने ग्राम पंचायत मसूदा में दो एवं ग्राम पंचायत देवमाली में एक इंदिरा रसोई का शुभारंभ पूर्व विधायक राकेश पारीक द्वारा किया गया था। भाजपा सरकार ने इंदिरा रसोई का नाम बदलकर श्री अन्नपूर्णा रसोई किया गया। मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने प्रथम बजट घोषणा में मसूदा ग्राम पंचायत को नगर पालिका बनने के बाद से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से बंद पड़ी है। मसूदा कस्बे की दो अन्नपूर्णा रसोई जरूरतमंद व असहाय व्यक्तियों ने बताया कि कस्बे में नगर पालिका बनने के बाद से श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत संचालित दोनों रसोई पिछले दो माह से बंद है। प्रशासन ने इन्हें फिर से शुरू करने के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया । इससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को भोजन के लिए भटकने को मजबूर है । नगर पालिका बनने से पहले ग्राम पंचायत मसूदा क्षेत्र में राजीव गांधी सेवा केंद्र सूरजपुरा गेट एवं राजीव गांधी सेवा केंद्र मसूदा चिकित्सालय ब्यावर रोड के सामने इंदिरा रसोई योजना के तहत श्री अन्नपूर्णा रसोई संचालित थी, लेकिन नगर पालिका बनने के बाद पंचायत स्तरीय ठेका होने के कारण दोनों रसोई बंद कर दी गई ।पंचायत समिति ने श्री अन्नपूर्णा रसोई क्रमांक 484 और 486 को बंद कर दिया साथ रसोई का पूरा स्टाफ रजिस्टर तैयार कर एजेंसी से सामान लेकर सुरक्षित रखवा दिया। अब जिला परिषद से नगर पालिका को आदेश मिलने के बाद ही इन रसोई को फिर से शुरू किया जाएगा ।लेकिन दो माह बितने के बाद भी संचालन के आदेश जारी नहीं हुए ।श्री अन्नपूर्णा रसोई में जरूरतमंदों को राज्य सरकार के अनुदान पर आठ रुपये में भोजन होने से क्षेत्र के गरीबों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । जिम्मेदार लोग जानकर भी अनजान बन बैठे हैं। जानकारी के अनुसार पूर्व में भी प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि आए दिन श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण करते दिखाई दिए थे अब वह लोग कहां गुम हो गए । मसूदा नगर पालिका ईओ अक्षय राजपुरोहित का कहना है कि मसूदा नगर पालिका ईओ से श्री अन्नपूर्णा रसोई के संबंधित जानकारी लेने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

## पोक्सो कोर्ट में 6 साल पहले 186 मामले, अब 303 मुकदमे विचाराधीन

**बीकानेर ।** यहां एकमात्र पोक्सो कोर्ट होने से हर साल पेंडिंग मामलों की संख्या बढ़ ती जा रही है, जिससे आमजन को न्याय मिलने में देरी हो रही है। पोक्सो कोर्ट में 6 साल पहले 186 मामले लंबित थे, जिनकी संख्या हर साल बढ़ ती गई और वर्ष, 24 में 286 पहुंच गई। अब राज्य सरकार ने अपने बजट में एक और नई पोक्सो कोर्ट खोलने की घोषणा की है, जिससे ट्रायल और फैसले जल्दी होंगे।

बीकानेर जिले में केवल एक ही पोक्सो कोर्ट है। जिले भर के पोक्सो के मामले इसी कोर्ट में आते हैं। गंभीर प्रकृति के मामले होने के कारण इनके ट्रायल में भी समय लगता है। ऐसे में हर साल पेंडिंग मामलों की संख्या बढ़ ती जा रही है, जिसे देखते हुए एक और पोक्सो कोर्ट की आवश्यकता जताई जा रही थी।

नाबालिगों से यौन अपराध की सुनवाई के लिए वर्ष, 18 में बीकानेर में पोक्सो कोर्ट शुरू किया गया। लगातार बढ़ ते अपराधों से पोक्सो कोर्ट में भी मामलों की संख्या बढ़ ती गई। कोर्ट खुलने के एक साल बाद वर्ष, 19 की शुरुआत में 186 मामले पेंडिंग थे। इनकी संख्या हर साल बढ़ ती गई और पिछले साल के अंत में 286 पहुंच गई। लगातार बढ़ ते मामलों से ट्रायल और फैसलों में समय लग रहा है। वर्तमान में पोक्सो कोर्ट में 303 मामले पेंडिंग चल रहे हैं। अब राज्य सरकार ने अपने बजट में बीकानेर में नई पोक्सो कोर्ट खोलने की घोषणा की है। एक और नई पोक्सो कोर्ट खुलने से ट्रायल जल्दी होगी और सुनवाई पूरी कर फैसले भी जल्दी किए जा सकेंगे।

बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के सदस्य कुलदीप शर्मा का कहना है कि बीकानेर शहर में 10 और ग्रामीण इलाकों में 15 लाख जनसंख्या हो गई है। ऐसे में एकमात्र पोक्सो कोर्ट में करीब 300 मामलों के ट्रायल से न्याय में देरी होना स्वाभाविक है।

ऐसे में एक और नई पोक्सो कोर्ट की सख्त आवश्यकता था। न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गिरिराज बिस्सा का कहना है कि अक्टूबर, 18 में बीकानेर में पोक्सो कोर्ट शुरू हुआ था। पहले साल 194 मामलों में से 8 का निपटारा हुआ। एक कोर्ट में 200 से ज्यादा मामले पेंडिंग हो तो दूसरे कोर्ट शुरू किया जा सकता है। ऐसे में पांच साल पहले ही बीकानेर में दूसरी पोक्सो कोर्ट खोल देनी चाहिए थी। प्रदेश में वर्ष, 18 में खुले 35 पोक्सो कोर्ट वर्ष, 18 में सुनवाई की तेजी लाने और सुप्रीम कोर्ट की ओर से तय समयावधि में फैसलों के लिए प्रदेश में 35 पोक्सो कोर्ट खोले गए। सभी जिलों में एक-एक और जयपुर-जोधपुर में दो-दो कोर्ट खोले गए। लेकिन बीकानेर में एक ही कोर्ट रहा।

## जेईई-मेन 2025 : कैटेगरी बदलने का अंतिम मौका

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन में इस वर्ष 16 लाख 35 हार हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने आवेदन किया हैं, जो कि जेईई-मेन के इतिहास में सर्वाधिक आवेदन है। उल्लेखनीय है कि जेईई-मेन जनवरी के लिए पहले 13 लाख 78 हजार स्टूडेंट्स ने आवेदन किया था एवं 2 लाख 60 हजार से अधिक नए यूनीक कैंडिडेट ने केवल अप्रैल परीक्षा के लिए आवेदन किया है। ऐसे में अप्रैल परीक्षा में बैठने वाले स्टूडेंट्स की संख्या लगभग 12 लाख से अधिक होगी। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि स्टूडेंट्स के हित को देखते हुए एनटीए द्वारा स्टूडेंट्स को करेक्शन का अंतिम विकल्प दिया गया है। स्टूडेंट्स करेक्शन के दौरान कोर्स, पेपर के मिडियम, स्टेट कोड ऑफ इलेजिब्लिटी, परीक्षा शहर, दसवीं व 12वीं की क्वालीफिकेशन डिटेल, जेंडर, कैटेगरी में बदलाव कर सकते हैं। करेक्शन का अवसर 28 फरवरी तक हैं।

एनटीए के इस करेक्शन विकल्प से देश के उन लाखों स्टूडेंट्स को राहत मिली है, जिन्होंने जनवरी जेईई-मेन के दौरान कैटेगरी सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं होने के कारण ओपन कैटेगरी से आवेदन कर दिया था ।

# 'ऑपरेशन भौकाल' के तहत डम्पर चोरी के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

**जालोर ( कासं )।** जालोर जिले के सांचौर पुलिस ने बुधवार को 'ऑपरेशन भौकाल' के दौरान डम्पर चोरी की फिराक में घूम रहे आले दर्जे के बदमाश व चोरो के खिलाफ कार्यवाही कर चार आरोपियो को गिरपतार किया।

सांचौर पुलिस ने रात्रिकालीन गश्त व नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध वाहनों की चैकिंग करते हुए एक वाहन को जब्त कर गिरफतारशुदा गैरसायलान आले दर्जे के वाहन (डम्पर) चोर है जिन्होंने राजस्थान के चन्दवाली जयपुर, पाली, सिरोही, जोधपुर, डीडवाना, कोटपुतली सहित कई जिलों/स्थानों से डम्पर चोरी करना कबूल किया है।

जिले में आपराधिक प्रवृति के बदमाशान के विरूद्ध कार्यवाही के तहत देवेन्द्रसिंह, निरीक्षक पुलिस थानाधिकारी सांचौर के नेतृत्व में 25 फरवरी की रात्रि को मदनलाल सहायक उपनिरीक्षक मय जाब्ता के द्वारा दौराने गश्त एवं नाकाबंदी के वाहन स्विफ्ट कार को रूकवाया जाकर वाहन में सवार चार संदिग्ध व्यक्तियों साजीद खां पुत्र ममरेज जाति मुसलमान उम्र 27 साल निवासी हमीरा पुलिस थाना तिजारा जिला अलवर, मुस्ताक खां पुत्र फजरु खां जाति मेव मुसलमान उम्र 30 साल निवासी रायपुर पुलिस थाना तिजारा अलवर, असलम खां पुत्र इश्लाम खां जाति नाई मुसलमान उम्र 38साल निवासी रायपुर पुलिस थाना तिजारा जिला अलवर, व दिलशाद खां पुत्र ईसुब खां जाति मेव मुसलमान उम्र 24 साल निवासी मलीयरजाट पुलिस थाना तिजारा जिला अलवर, को गिरफतार किये गये है।



जालोर जिले के सांचौर पुलिस ने डम्पर चोरी के मामले में चार आरोपियों को गिरपतार किया ।

उपरोक्त संदिग्ध व्यक्तियों से बिना कारण जिले में घूमने के सम्बंध में गहन पुछताछ की गई तो गैरसायलानों द्वारा 1. माह अप्रेल 2023 मे चन्दवाजी जयपुर, 2. नवम्बर 2023 में पाली, 3. जुन 2023 मे सिरोही, 4. मार्च 2024 में जोधपुर, 5. दिसम्बर 2023 मे डीडवाना तथा 6. जुलाई 2023 मे कोटपुतली से डम्पर चोरी करना कबूल किया है, उपरोक्त चारों गैरसायलान आले दर्जे के डम्पर चोर है। जिनको आज न्यायालय मे पेश किया गया। जिला पुलिस द्वारा राजस्थान के सभी जिलों से वाहन/डम्पर चोरी के गैरसायलानों की गिरफ्तारी के सम्बंध में पत्राचार किया है ताकि डम्पर चोरी के प्रकरणों में मुलजिमानों से अनुसंधान किया जा सके। मुलजिमानों से पूछताछ में उक्त के अलावा बड़ी वारदातें खुलने की संभावना है। उपरोक्त चोर/गिरफतारशुदा गैरसायलान अपने नीजी वाहन स्वीफ्ट कार से हाईवे पर सुने वाहन (डम्परों) की रेकी करते है, फिर मौका मिलने पर जो वाहन ज्यादा समय तक एक स्थान पर खडा रहता है तथा उसके पास किसी व्यक्ति का आना-जाना नहीं होने पर उपरोक्त वाहनों को मिस्त्री की सहायता से स्टार्ट कर वहां से लेकर अलवर की तरफ निकल जाते है। वही रानीवाडा पुलिस ने फर्जी मुख्तियारनामा बनाकर रजिस्ट्री के जरिये जमीन हडपने वाले के विरूद्ध कार्यवाही एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। रानीवाड़ा में फर्जी मुख्तियारनामा के बनाकर जमीन हड़पने की नियति से रजिस्ट्री करवाने का मुख्य अभियुक्त दुर्गाराम को गिरफ्तार कर बाद अनुसंधान न्यायालय में पेश कर जेल भिजवाया गया। प्रार्थी भोमाराम पुत्र चेलाराम जाति कलबी निवासी चाटवाडा के द्वारा पुलिस थाना रानीवाड़ा पर 10 अगस्त 2023 को अभियोग पंजिबद्ध करवाया कि अभियुक्तगण दुर्गाराम पुत्र जीवाराम कलबी निवासी मेडा व भीखाराम पुत्र गोदाजी जाति कलबी निवासी जालेरा खुर्द के द्वारा सरहद चाटवाडा में स्थित प्रार्थी के एसआर पेट्रोल पंप की जमीन का फर्जी मुख्तियारनामा बनाकर जमीन को रजिस्ट्री के जरिये अभियुक्त दुर्गाराम की पत्नि लक्ष्मी के नाम हस्तांतरित करवा दिया।

## डोटासरा के लिए गीता मायने नहीं रखती : शिक्षा मंत्री

**उदयपुर, (का.स.)।** शिक्षा मंत्री ने मदन दिलावर बुधवार को उदयपुर में स्कूल के एक कार्यक्रम में विधानसभा में चल रही खींचतान को लेकर कहा कि डोटासरा के लिए गीता मायने नहीं रखती उन्होंने चौपाल के बदमाश-गुंडों जैसा व्यवहार किया, आसन का ऐसा अपमान आज तक नहीं हुआ ।

शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री ने विधानसभा मामले में कहा कि गीता की सौगंध खाने की बात कहने वाले डोटासरा के लिए गीता मायने ही नहीं रखती है। डोटासरा को ईगो छोड़कर माफी मांग लेनी चाहिए थी। डोटासरा तो कहते थे कि अयोध्या में भगवान राम का मंदिर नहीं बनने देंगे और बन गया तो तोड़ देंगे। अब ऐसे में उनके लिए गीता क्या मायने रखती है।डोटासरा तो भगवान राम और श्रीकृष्ण को मानते ही नहीं है। दिलावर ने कहा कि बैठक में तय हो गया था कि डोटासरा माफी मांगेंगे। निलंबित सदस्यों को सदन में नहीं बुलाते, लेकिन स्पीकर की सहृदयता देखिए कि उनको विशेष स्वीकृति दी। इसके बाद सदन में आकर वे मुकर गए और सदन स्थगित हो गया।दिलावर ने कहा कि जो भाषण उन्होंने दिया और उसमें स्पीकर के लिए जिन शब्दों का उपयोग कर आसन का अपमान किया। वैसा राजस्थान में आज तक किसी ने भी नहीं किया।

# गहलोत सरकार में पुलिस मजबूर थी, आज मजबूत है : मदन राठौड़

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता की, इस दौरान साथ में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा और कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा भी मौजूद रहे। राठौड़ ने कहा कि जब अशोक गहलोत मुख्यमंत्री थे, तब उनकी अपने उपमुख्यमंत्री से लड़ाई चलती रहती थी। आपसी लड़ाई में विधायक होटलों में रहे, उन्हें तो सरकार चलाने का समय ही कब मिला। गहलोत सरकार में पुलिस मजबूर थी, आज मजबूत है। माफियाओं को पनपाने का काम गहलोत सरकार ने किया। भाजपा सरकार ने तो माफियाओं पर लगाम लगाकर अपराध को रोकने का काम किया है।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस विधानसभा में हर दिन नया विवाद खड़ा करना चाहती है। सदन में बजट प्रस्तुत होने के बाद कांग्रेस ने खासकर इनके प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जो वातावरण बनाया है, उससे लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस पूरे प्रकरण में राजनीति कर रही है। गोविंद सिंह डोटासरा सदन को चलने नहीं देना चाहते हैं, सदन को हाईजैक करना चाहते हैं, जो संभव नहीं है। वे नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को भी बोलने का मौका नहीं देते हैं, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली असहाय दिख रहे हैं। सदन लोकतांत्रिक व्यवस्था से ही चलेगा। सबसे बड़ी बात तो यही है कि डोटासरा विधानसभा अध्यक्ष के आसन तक पहुंचे। उन्होंने वहां पहुंचकर जो आचरण किया उससे सदन की गरिमा को ठेस पहुंची है। डोटासरा ने ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया, जिन्हें दोहराना भी उचित नहीं है।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा बुधवार को प्रेस से रूबरू हुए।

- ‘कांग्रेस पार्टी है लोकतंत्र विरोधी, विधायक वही जो सदन एवं आसन का सम्मान करें’
- ‘नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली दिख रहे असहाय’

मदन राठौड़ ने कहा कि अशोक गहलोत सदन में आते ही नहीं हैं, परंतु अब विधानसभा गतिरोध मामले में अचानक आकर सुर्खियां बटोरने का काम कर रहे हैं। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि गोविंद डोटासरा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की भी बात नहीं मानी, जबकि गहलोत को अपने चहेते व्यक्ति डोटासरा को अच्छे से समझाना चाहिए था।

राठौड़ ने कहा कि अशोक गहलोत और विधानसभा स्पीकर के मकान में ज्यादा दूरी नहीं है। वो ख़ुद जाकर भी स्पीकर से माफी मांग सकते थे। गहलोत जी ने भी सदन का सम्मान नहीं किया। डोटासरा भी पहले तो विधानसभा अध्यक्ष के ऑफिस में वादा करके आए परंतु सदन में बदल गए और खेद प्रकट नहीं करके वादा खिलाफी की। कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए और सदन को चलाने में सहयोग करना चाहिए। सदन और आसन का सम्मान करते हुए नियमों का पालन करना एक व्यवस्था होती है, इसलिए कांग्रेस नेताओं को सदन की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए।

# अध्यक्ष को कपोल-कल्पित ख़बर पर कष्ट पहुंचा, तो व्यक्तिगत खेद प्रकट करूंगा : डोटासरा

- भगवान शंकर ने संसार की भलाई के लिए हलाहल विष का पान किया, हमें भी हठधर्मिता को भुलाकर सदन को चलाने के लिए प्रयास करना होगा : जूली

जयपुर। विधायक गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही के दौरान सदन के भीतर एवं सदन नहीं चलने के दौरान हुए संपूर्ण घटनाक्रम पर सदन में मेरे द्वारा प्रकट किए गए खेद के एक-एक शब्द की गवाह राजस्थान की जनता है। लेकिन उसके बावजूद कल अध्यक्ष को एक समाचार पत्र में छपी कपोल-कल्पित ख़बर पर भावुक देखकर मन को कष्ट पहुंचा है। देवनानीजी अच्छे एवं नेक इंसान हैं लेकिन बिना तथ्यों को जाने एवं बिना दूसरे पक्ष की सुने अवास्तविक हवाई ख़बर पर यूं प्रतिक्रिया देंगे यह अपेक्षा से परे है।

उन्होंने कहा कि फिर भी उन्हें कष्ट पहुंचा है, तो मैं व्यक्तिगत तौर पर उनसे मिलकर खेद प्रकट करूंगा लेकिन सवाल फिर भी मंत्री की माफी का बाकी रहेगा, जो समझौते में तय हुआ था और जिसका जिक्र स्वयं अध्यक्ष ने कल की कार्यवाही के दौरान किया था। सदन में उत्पन्न गतिरोध का कारण मंत्री अविनाश गहलोत की अशोभनीय टिप्पणी है, जो उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के लिए की है। देश के लिए बलिदान देने वाली पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। 5 दिन बीतने के बाद भी न तो मंत्री की माफी हुई है और न ही अशोभनीय टिप्पणी को स्पंज किया गया है जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण और देश के महानायकों को अपमान है। हम चाहते हैं कि गतिरोध टूटे, पक्ष-विपक्ष मिलकर सदन चलाएं और प्रदेश की जनता के मुद्दों पर सार्थक चर्चा हो।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने गतिरोध को लेकर कहा कि आज महाशिवरात्रि का पर्व है, जो हमें त्याग और कर्तव्य की सीख देता है। जिस तरह भगवान शंकर ने संसार की भलाई के लिए हलाहल विष का पान किया, उसी तरह हमें भी जनहित के लिए व्यक्तिगत हित, मान, अपमान और हठधर्मिता को भुला कर सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रयास करना होगा। ऐसे में अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के साथ प्रतिपक्ष की ओर से मैं आपके साथ हूँ। हमें उदारमना बनकर प्रदेशहित में सारे घटनाक्रम को भुला नई शुरुआत करनी चाहिए। इसके लिए हम सभी को शंकर की भूमिका निभानी होगी। हमें भी राजस्थान की 8 करोड़ जनता के हित में अपमान रूपी विष पीना होगा और लंबे समय से चल रहे गतिरोध को तोड़ना होगा। आइए, इस महाशिवरात्रि पर हम सब लोकतंत्र की मजबूती के लिए संकल्प लें और सदन को जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा का मंच बनाएं।

## भारती वर्मा को ओबीसी का महासचिव नियुक्त



जयपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव के निर्देशानुसार प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव ने भारती वर्मा कुमावत को कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग की प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्त किया है। वर्मा की नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी।

## विधि विज्ञान प्रयोगशाला से एफ.एस.एल. रिपोर्ट साठ दिन के भीतर ली जाए : हाईकोर्ट

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने एफएसएल रिपोर्ट आने में हो रही देरी पर चिंता जताते हुए डीजीपी को निर्देश दिए हैं कि विधि विज्ञान प्रयोगशाला से एफएसएल रिपोर्ट अधिकतम साठ दिन में प्राप्त की जाए। इसके लिए डीजीपी एफएसएल निदेशक से समन्वय करें। अदालत ने डीजीपी को 18 मार्च को यह बताने को कहा है कि एफएसएल रिपोर्ट जल्दी प्राप्त करने के लिए उनकी ओर से क्या ठोस कदम उठाए गए हैं। वहीं अदालत ने एनडीपीएस प्रकरण से जुडे मामले में आरोपी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस अनिल कुमार उपमन की एकलपीठ ने यह आदेश धीरज सिंह परमार की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मादक पदार्थ वाणिज्यिक मात्रा से अधिक बरामद होता है तो मामले की जांच 180 दिन में और इससे कम मात्रा में मिलने पर उस स्थिति में साठ दिन में मामले की जांच पूरी होनी चाहिए। अदालत ने कहा कि जब्ती अधिकारी की राय के आधार पर किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता को दांव पर नहीं लगाया जा सकता। याचिकाकर्ता से बरामद प्रतिबंधित पदार्थ की मात्रा को देखते हुए आरोप पत्र दाखिल किए बिना उसे अधिकतम साठ दिन के लिए ही न्यायिक अभिरक्षा में रखा जा सकता था। मामले में एफएसएल रिपोर्ट 130 दिन की देरी से आई है।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता आरएस गुर्जर ने अदालत को बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने करीब 24 ग्राम एमडीए रखने के आरोप में याचिकाकर्ता को गत वर्ष 18 मार्च को गिरफ्तार किया था। वहीं 11 सितंबर, 2024 को एफएसएल रिपोर्ट में आया कि बरामद पदार्थ एमडीए ना होकर मेथामफेटामाइन था। याचिका में कहा गया कि एमडीए की वाणिज्यिक मात्रा दस ग्राम और मेथामफेटामाइन की 50 ग्राम है। ऐसे में मामले की जांच साठ दिन में पूरी हो जानी चाहिए थी, लेकिन पुलिस ने 12 सितंबर, 2024 को आरोप पत्र पेश किया। ऐसे में उसे जमानत का लाभ दिया जाए। जिसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ श्याम नगर थाना पुलिस में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है।




माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा 27 फरवरी एवं 28 फरवरी को आयोजित होने वाली राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा ( रीट-2024 ) के लिये जयपुर में परीक्षार्थियों का दूसरे शहरों से आना शुरू हो गया है। परीक्षार्थियों की अधिकता के कारण जयपुर रेलवे स्टेशन पर उन्हें खुले आसमान के नीचे ही सोना पड़ रहा है। गौरतलब है कि इस परीक्षा में जयपुर शहर के 233 परीक्षा केन्द्रों पर तीन पारी में 2 लाख 70 हजार 18 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। फोटो : दिनेश भारद्वाज

# शिवमय हो उठी छोटी काशी, भोलेनाथ के जयकारों से गूंजे शिवालय



हर हर महादेव के जय कारो से गुंजा झारखंड महादेव मंदिर का परिसर। महा शिवरात्रि पर शिव भक्तों की मंदिर में लंबी लाइन में लगे भक्तों ने शिव लिंग पर अभिषेक करते हुए ॐ नम: शिवाय बम बम भोले के जयकारों से वातावरण को शिव मय बना दिया।



जयपुर के जीपीओ प्रांगण स्थित श्री विश्वदीप महादेव मंदिर में बुधवार को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 8 पहर की पूजा बड़ी धूमधाम से की गई, जिसमें सुरेश पुरोहित, हनुमान शर्मा एवं अन्य भक्तों का सहयोग रहा। भजन संध्या की प्रस्तुति कान्हा म्यूजिकल ग्रुप सांगानेर की रही।

जयपुर। महाशिवरात्रि पर बुधवार को छोटीकाशी शिवमय हो उठी। शिवालय हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठे। प्राचीन शिव मंदिरों के बाहर भक्तों की लंबी कतारे लगी। विशेष ज्योतिषीय योग-संयोग में श्रद्धालुओं ने सुबह से शाम तक भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। वहीं, नवविवाहिताओं ने शिवालयों में जयघट चढ़ाई।

बुध मालव्य, शश, बुधादित्य योग, श्रवण नक्षत्र के बाद धनिष्ठा नक्षत्र,परिघ योग, वणिज करण के बाद शकुनि करण और मकर राशि के चंद्रमा में शिवाभिषेक का सिलसिला ब्रह्म मुहूर्त में शुरू होकर देर शाम तक चलता रहा। प्रथम प्रहर दूध से अभिषेक किया गया। द्वितीय प्रहर दही से, तृतीय प्रहर में घी से और चतुर्थ प्रहर में शहद से अभिषेक किया गया। शाम को देशी-विदेशी फूलों से भोलेनाथ की फूल बंगला झांकी सजाकर भजनों से गुणगान किया गया। चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर में सुबह ब्रह्म मुहूर्त से अभिषेक का क्रम शुरू हो गया।

सुबह होने तक सिटी पैलेस तक लाइन लग गई। इसके बाद तो लाइन का एक छोरी बड़ी चौपड़ तक पहुंच गया। कतारों में लगे श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव के जयघोष से उत्साह कम नहीं होने दिया। मंदिर पूरे समय हर हर महादेव से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान को बिल्व पत्र, भांग, धतूरा, गन्ने का रस, पंचामृत, दूध, नागकेसर, गाजर, बेर, सोगरी, पुष्प अर्पित किए।




साल में एकबार आम जनता के लिए दर्शनों के लिए खुलने वेक मोती डूंगरी स्थित एकलिंगेश्वर महादेव मंदिर इस साल भी नहीं खुला। लोग आस्था के चलते पहुंचे पर बंद मिलने पर नीचे से ही ढोक दे मायूस ही लौट गए। मौके पर तैनात पुलिस कर्मी भी लोगो को समझाते रहे।

पुजारी अमित पाराशर ने बताया कि शाम को फूलों से विशेष झांकी सजाई गई। वैशालीनगर के झाड़खंड महादेव मंदिर में सुबह 4:30 बजे पट खुलने से शाम चार बजे तक जलाभिषे्क का सिलसिला चला।

हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने विभिन्न द्रव्यों से अभिषेक किया। थाईलैंड और बेंगलूरु से विशेष फूलों से विशेष झांकी सजाई गई। 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाएं संभाली। महिला-पुरुष की लाइनें अलग-अलग लगाई गई। बुजुर्गों के लिए ईरिक्शा की व्यवस्था की गई। रात्रि को भजन संध्या में भोलेनाथ का भजनों से गुणगान किया गया। गोविंद देवजी मंदिर ठिकाने के आमेर रोड स्थित काला महादेव मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में पंचामृत अभिषेक कर विभिन्न सामग्री अर्पित की गई। दिल्ली रोड स्थित खोले के हनुमान मंदिर परिसर के आनन्देश्वर महादेव का पुष्कर राज से लाई जाने वाली कावड़ जल से जलाभिषेक किया गया, यहां चार पहर की पूजा की गई।

झोटवाड़ा रोड स्थित चमत्कारेश्वर महादेव में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर बिल्व पत्र अर्पित किए। गलता गेट स्थित गीत गायत्री द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में शिवाभिषेक किया गया।

## सार-समाचार

### कलाकारों ने कई रागों के सुर साधे



जयपुर। अनेक बाल व युवा कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत की विभिन्न रागों के सुर साध कर अपनी तैयारी पक्ष और रियाज का उम्दा प्रदर्शन किया। मौका था बुधवार को शुरू हुए संगीत आश्रम संस्थान के तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह का। शास्त्रीनगर स्थित संस्थान परिसर में हो रहे समारोह के पहले दिन संगीत के स्टूडेंट्स ने सुर, लय और ताल की उम्दा बानगी दर्शाकर गायन और वादन की प्रस्तुति दी। कलाकारों ने सुरों के खूबसूरत लगाव, ठहराव और पकड़ का सुन्दर प्रदर्शन कर रागों का नैसर्गिक सौन्दर्य छलकाया।

### संज्ञेय अपराध की जांच हैड कांस्टेबल कर सकता है या नहीं?

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस कमिश्नर को 28 फरवरी को अदालती कार्रवाई में शामिल होकर यह बताने को कहा है कि क्या किसी संज्ञेय अपराध की जांच हैड कांस्टेबल कर सकता है या नहीं? जस्टिस अनिल कुमार उपमन की एकलपीठ ने यह आदेश राजू की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। जमानत याचिका में अधिवक्ता राहुल अग्रवाल ने अदालत को बताया कि जहरखुरानी के इस मामले में पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। याचिकाकर्ता बेकसूर है, लेकिन पुलिस ने उसे मामले में फंसाते हुए आरोप पत्र पेश किया है। जबकि पुलिस ने जांच के दौरान शिनाख्त परेड भी नहीं कराई। जिससे पुलिस का अनुसंधान ही दूषित हो गया है।

### विवाह सहायता राशि बढ़ाई

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप राज्य सरकार किसान, गरीब, महिला एवं युवाओं के कल्याण के प्रति कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महात्मा ज्योतिबा फूले मंडी श्रमिक कल्याण योजना के अन्तर्गत विवाह सहायता राशि में वृद्धि करने की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री शर्मा के इस संवेदनशील निर्णय से उक्त योजना में अब अनुज्ञाधारी श्रमिकों की दो पुत्रियों के विवाह पर 25 हजार रूपये की बढ़ोतरी करते हुए प्रति विवाह 75-75 हजार रूपये की सहायता राशि दी जाएगी।

### शिवरात्रि पर्व मनाया

जयपुर। सी-स्कीम में भगत सिंह मार्ग स्थित मंदिर श्री लक्ष्मी नारायणजी में बुधवार को शिवरात्रि पर्व मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया। वहीं भगवान का विशेष शृंगार किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने सुबह से ही भगवान शिव की पूजा अर्चना शुरू कर दी। लोगों की भीड़ पूरे दिन लगातार जारी रही। शिवाभिषेक का सिलसिला ब्रह्म मुहूर्त में शुरू होकर देर शाम तक चलता रहा। वहीं श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में भजन कीर्तन किया।

### बदमाश सहित खरीदार भी गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने अशोक नगर थाना इलाके में वाहन चोरों खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने और मोबाइल चोरी करने वाले एक शातिर चोर अभिषेक शर्मा को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के कब्जे से चोरी के दुपहिया वाहन पांच एक्टिवा,दो मोटरसाइकिल एवं सात चोरी के महंगे मोबाइल बरामद किए है। इसके अलावा पुलिस ने मोबाइल चोरी के खरीदार विकास मालचन्दका को भी गिरफ्तार किया है।

## सिरसी रोड पर एक युवक को 61 एक्टिव सिम, दो मोबाइल व बाइक के साथ पकड़ा

जयपुर। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा किया है। जयपुर के वैशाली नगर इलाके में सिरसी रोड से स्थानीय पुलिस को साथ लेकर एक युवक यशवंत सिंह पंवार (21) निवासी गुर्जर बस्ती शास्त्री नगर जयपुर को 61 एक्टिव मोबाईल सिम व दो मोबाइल सहित पकड़ा है। आरोपी दुबई में बैठे इस गिरोह के सरगना के कहने पर अरुणाचल प्रदेश एवं आसाम से फर्जी सिम मंगवाता है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को एक गिरोह द्वारा जयपुर में आसाम से भारी मात्रा में एक्टिव सिम फ्लाइट के द्वारा मंगवाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर एक टीम पुष्टि के लिए रवाना की गई। सूचना संकलन एवं तकनीकी मदद से खबर की तस्दीक होने पर वैशाली थाना पुलिस को सूचना देकर सिरसी रोड बुलाया गया। जहां कालरा पेट्रोल पम्प के सामने चाय की थड़ी पर बाइक लेकर खड़ा युवक पुलिस की गाड़ी और टीम को देख बाइक लेकर जाने लगा। बाइक रोक कर युवक को डिटेन किया गया। पुलिस को देख युवक सकपकाने लगा और पसीने-पसीने हो गया। शास्त्री नगर की गुर्जर बस्ती निवासी इस युवक यशवंत सिंह की तलाशी ली गई तो उसके पास मिले एक लिफाफे से 61 मोबाइल सिम व जेब से मिले दो मोबाइल जब्त किये गये। पूछताछ की तो आरोपी युवक यशवंत ने बताया कि फर्जी एवं दूसरे लोगों के डॉक्यूमेंट लगाकर प्राप्त की गई ये मोबाईल सिम उसके साथी अभिषेक उर्फ अन्ना पुत्र महेश निवासी लालरपुरा गांधी पथ वेस्ट जयपुर ने आसाम से फ्लाइट द्वारा कोरियर के माध्यम से भिजवाई है। अभिषेक दुबई में रह ऑनलाइन गैम्स खेला सट्टे का काम करता है। फर्जी सिम इन्हें आसाम के अलावा अरुणाचल प्रदेश एवं अन्य शहरों से भी मिलती हैं। प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया है कि जयपुर में इस गिरोह द्वारा ऑफिस बना रखा है, जहां पर उनके पास कई छोटे-छोटे सिम बॉक्स है। जिनमें यह एक साथ कई मोबाइल सिम लगा उसे एक्टिव करते है। सिम बॉक्स अलग-अलग कैटेगरी के हैं। किसी में 30, किसी में 40 और उससे ज्यादा भी सिम लगती है। जयपुर में उनके ऑफिस संचालित करने के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है। इस गिरोह के सरगना अभिषेक ने दुबई में कहीं एक कॉल सेंटर बनाया है।

# महाशिवरात्रि का पर्व हम सभी के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करता है: मंत्री रावत

## भगवान गणेश जी से राज्य की समृद्धि की कामना की



जल संसाधन मंत्री रावत ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पुष्कर में भटबाय गणेश जी महाराज के दर्शन किए।

**पुष्कर/ अजमेर,** (कासं)। राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पुष्कर में श्री भटबाय गणेश जी महाराज के दर्शन लाभ प्राप्त किए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान गणेश जी से राज्य की समृद्धि और जनता की खुशहाली की कामना की। मंत्री श्री रावत ने मंदिर में श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना की और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। रावत ने इस अवसर पर कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व हमारे जीवन में शांति और सुख-समृद्धि लाने वाला होता है।

मंत्री रावत ने लिया संतों का आशीर्वाद और शिव परिवार का किया जलाभिषेक- जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने श्री ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ, पुष्कर में परम विभूषित राष्ट्र संत श्री गोविंद देव गिरी जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रांगण में स्थित भगवान शिव मंदिर में शिव पंचायत का जलाभिषेक कर पूजार्चना की। उसके बाद मंत्री रावत ने श्री रामसखा आश्रम पुष्कर में आचार्य श्री महामंडलेश्वर नंदराम शरण देवाचार्य जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात प्राचीन श्री अटमटेश्वर महादेव मंदिर, श्री 108 शिवलिंग मंदिर में भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। इसके साथ ही मंत्री रावत ने माली समाज द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष में पुष्कर में निकाली गई भगवान श्री शंकर की सवारी यात्रा कार्यक्रम में भी भाग लिया। मंत्री रावत का परम पूजनीय सभी संतो द्वारा और माली समाज द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। मंत्री रावत ने बताया कि भारतवर्ष में संतों धार्मिक, सांस्कृतिक और समाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। संतों का मार्गदर्शन आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक उत्थान के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

मंत्री रावत ने 11 फीट के विशाल शिवलिंग पर विराजित हनुमान जी महाराज का किया जलाभिषेक-महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर चित्रकूट धाम बांसेली में आयोजित भव्य महोत्सव में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने भगवान शिव के दिव्य अलौकिक दर्शन किए और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान शिव की सहस्त्र धारा कार्यक्रम में भी भाग लिया, जो विशेष रूप से शिव भक्तों के लिए एक अत्यंत पवित्र और श्रद्धेय अवसर था। कार्यक्रम के दौरान, रावत ने भगवान शिव के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व हम सभी के जीवन में नई ऊर्जा, ताजगी और समृद्धि का संचार करता है। सभी कार्यक्रमों में मंत्री रावत के साथ शिव स्वरूप महर्षि, भुवनेश पाठक, वेद प्रकाश पाराशर, अरुण वैष्णव, अरुण पाराशर, महेंद्र खंगारोत, घनश्याम भाटी, कुलदीप पाराशर, दामू पाराशर, लक्ष्मी देवी पाराशर, राजू गोड आदि भाजपा पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में भक्तगण और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। भगवान शिव के जलाभिषेक और सहस्त्र धारा कार्यक्रम ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की।

## नाबालिग छात्रा से गैंगरेप का आरोप

**डीडवाना।** जिले के मौलासर थाना क्षेत्र के बरड़वा गांव की नाबालिग स्कूली छात्रा को मिलने के बहाने बुलाकर गैंगरेप करने का मामला दर्ज होने के साथ ही पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू करते हुए चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। साथ ही पीड़िता का मेडिकल करवाकर आगे की जांच गहनता से की जा रही है, पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरड़वा गांव की नाबालिग छात्रा के परिजनों ने रिपोर्ट दी है कि छात्रा अपनी सहेली के घर से वापस घर लौट रही थी परिजनों का आरोप है कि रास्ते में पांच युवक छात्रा को पकड़कर सुनसान मकान में ले गए, जहां उन्होंने छात्रा के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में परिजनों ने पांचों आरोपितों के खिलाफ मौलासर थाना में मामला दर्ज करवाया है। नाबालिग के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज कर मामले की जांच डीडवाना वृताधिकारी धरम पुनिया को सौंपी गई है।

## कौशल विकास का प्रशिक्षण

**गंगापुर सिटी।** पीएम श्री केंद्रीय स्कूल में बुधवार को बस्ता रहित दिवस पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल सत्यनारायण मीणा ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढकर कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया।

# टोंक में ट्रैक्टर चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार



जिला पुलिस अधीक्षक मन विकास सांगवान के निर्देशन में चोरी करने के 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- चोरी किये गये ट्रैक्टरों को आरोपियों के कब्जे से किया जब्त

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक मन विकास सांगवान के निर्देशन में राजेश विद्यार्थी वृत्ताधिकारी टोंक के सुपरविजन में थानाधिकारी मेहन्दवास ओमप्रकाश द्वारा थाने की गठित टीम ने थाने में दर्ज बीएनएस प्रकरण में वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किये गये ट्रैक्टरों को उनके कब्जे से किया जप्त। मेहन्दवास थानाधिकारी ने बताया कि प्रार्थी द्वारा गत 27 जनवरी को उनका पुत्र सोहेल अपने ट्रैक्टर का काम करवाने के लिए गोपाल पांचाल के कारखाने एन.एच.-52, मदीना काटे के आगे, मेहन्दवास पर खड़ा किया था, जहां से ट्रेक्टर गायब होने की रिपोर्ट पर थाने पर दर्ज कराई गई। थाने की गठित टीम ने चोरी गये ट्रेक्टर व वांछित आरोपीगण की तलाश शुरु की और तलाश में तकनीकी साधनों एवं मुखबीर की सूचना पर वारदात में शामिल आरोपी भरत्या उर्फ भरतलाल पुत्र लाल जाति मीणा उम्र 51 साल निवासी विछौछ धाना वाटोदा जिला सवाईमाधोपुर के विरूद्ध चोरी, नकबजनी, लूट, हत्या, डकैती के कुल 52 प्रकरण दर्ज हैं, वही धमेन्द्र मीणा पुत्र हरिलाल मीणा जाति मीणा उम्र 48 साल निवासी खण्डीप थाना वजीरपुर जिला सवाईमाधोपुर के विरूद्ध 32 प्रकरण दर्ज हैं, भवेश मीणा थाना वजीरपुर 4 प्रकरण दर्ज है एवं राजेश मीणा पुत्र भंवरसिंह उम्र 26 साल निवासी फुलवाडा (खण्डीप) थाना वजीरपुर के खिलाफ भी पूर्व में 2 प्रकरण दर्ज है।इन आरोपियों को करोली में ट्रेक्टर को बेचते हुए करोली पुलिस द्वारा पकडा गया ।

## पोक्सो एक्ट में आरोपी गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी ।** पुलिस ने नाबालिग के साथ छेडछाड के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। घटना 13 फरवरी 2०25 को शाम 4 से 5 बजे के बीच गंगापुर सिटी थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई। पुलिस ने इस मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजोरा और पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीणा के निरीक्षण में कार्रवाई की गई। थानाधिकारी बनी सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में सहायक उप निरीक्षक रामबाबू सिंह, कॉन्स्टेबल तेजराम और राजमल शामिल थे। पुलिस महिलाओं और बालिकाओं से जुडे अपराधों की रोकथाम के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है।

# बम-बम भोले के जयकारों से भीलवाड़ा गूंजा

**भीलवाड़ा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर वस्त्रनगरी के शिवालयों में बुधवार भोर से ही बम-बम भोले के जयकरों के साथ भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। शहर के प्रमुख हरणी महादेव और तिलस्वा मंदिर में मेले शुरू हो गये है।

हरणी महादेव मंदिर में आज सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए दर्शनों के लिए लंबी कतारें लगी है लोग बम बम भोले सहित विभिन्न उद्घोष और मंत्र उच्चारण करते हुए हाथों में पूजा की थाल और नंगे पैर कई श्रद्धालु पहुंच रहे हैं दल। मंदिर की देखरेख करने वाले महादेव जाट ने बताया कि आज ब्रज के चलते जलाअभिषेक किया जा रहा है, चार पहर की चार पूजा की जाएगी। वही दूसरी और ज़िले के तिलस्वाँ महादेव मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। महा शिवरात्रि का विशेष अवसर होने से सभी शिवालयों को फूलों से सजाया गया है। भक्तों की ओर से शहद, दूध, पानी से अभिषेक किया जा रहा है। इसके साथ ही बेल के पत्तों का अर्पण कर मनोकामना मांगी जा रही है। इसी के साथ ही कई मंदिरों में शाम को भजन संध्या का भी आयोजन होने वाला है। जिसके लेकर भी भक्त व मंदिर प्रबंधन के लोग तैयारियों में जुटे हुए है। भीलवाड़ा शहर के हरणी महादेव मंदिर में तीन दिवसीय मेले का आगाज हो गया है। 28 फरवरी तक मंदिर परिसर में कई धार्मिक आयोजन होने वाले है। इसी क्रम में बुधवार की शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा है। जिसमें अनिल नागौरी एंड पार्टी, जोधपुर अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं गुरुवार को गोकुल शर्मा एंड पार्टी, भगवान शिव की आकर्षक झलकियां सजाएंगे। शुक्रवार को विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इस बार हरनी महादेव मेला धार्मिक रंग के तो रंगा हुआ ही हे, लेकिन राजनीत रंग भी मेले पर खूब चढ़ता नजर आ रहा है। दरअसल हरनी महादेव मेले का आयोजन नगर निगम द्वारा करवाया जाता है, अमूमन इस मेले के आयोजन में 10 से 12 लाख का खर्चा होता हैं और मेले के भव्य आयोजन को लेकर हर वर्ष आमंत्रण पत्र से लेकर प्रचार प्रसार के भरसक प्रयास किए जाते है।

## एस डी एम को ज्ञापन सौपा

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। जनरल मुस्लिम समाज द्वारा सदर शक्की मोहम्मद के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को ओबीसी प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही असुविधा के सम्बन्ध में ज्ञापन सौपा। सदर शक्की मोहम्मद ने अवगत कराया कि सभी वर्गो के लोगों को नये जाति प्रमाण पत्र बनवाने में समस्या आ रही है। अनावश्यक दस्तावेज को लेकर प्रमाण पत्र को लंबित रखा जा रहा है, जिससे आरटीई के फॉर्म या ओबीसी या अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे है। सरकारी नौकरियो के लिये तय सीमा में फॉर्म नहीं भर सके। उपखंड अधिकारी ने शिष्टमंडल को आश्वस्त किया की शीघ्र ही समस्या का समाधान कर दिया जायेगा। शिष्टमंडल में एडवोकेट अब्दुल अजीज, फरहान हनफी, सलीम छिपा, इशाक छिपा, बाबू अजंता अयूब सहित कई समाजबंधु मौजूद रहे।

# आत्महत्या का प्रयास करने वाली छात्रा ने दम तोड़ा

- छात्रा ने अपने क्लासमेंट से परेशान होकर यह कदम उठाया था

**कोटा,** ( निसं )। इटावा थाना इलाके में आत्महत्या का प्रयास करने वाली नाबालिग छात्रा की एमबीएस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। नाबालिग छात्रा ने अपने क्लासमेंट से परेशान होकर यह कदम उठाया था, मामले में सामने आया कि बालिका को धमकाने वाला क्लासमेंट छात्र भी नाबालिग है।

इटावा थानाधिकारी संदीप विश्नोई ने बताया कि बालिका ने घर में आत्महत्या का प्रयास किया था जिसे उपचार के लिये 10 फरवरी को कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया था जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

सीआई ने बताया कि 8 फरवरी को पीड़िता के परिजनों ने शिकायत दी थी। परिजनो ने शिकायत मे कहा था कि उसकी बेटी ने स्वयं पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा कर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने शिकायत में उसके साथ उसकी क्लास में पढ़ने वाले एक छात्र पर उसकी बेटी पर शादी करने का दबाव बनाने का आरोप भी लगाया है।

सीआई ने बताया कि जिस पर आरोप लगा है वह भी नाबालिग है, उसने भी घटना से पहले सुसाईड की कोशिश की थी। बालिका के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में अनुसंधान जारी है।

## गर्ग अध्यक्ष बने

**मदनगंज-किशनगढ़,**( निस )। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की किशनगढ़ सी ए शाखा के चुनाव में अध्यक्ष पद पर सीए विवेक गर्ग को पदीय दायित्व सौपा गया। साथ ही सचिव पद पर जितेश कोठारी, उपाध्यक्ष रामावतार गुप्ता व कोषाध्यक्ष के पद पर अजय टिंकर को मनोनीत किया। राघव बाहेती को सीकासा व राजीव ईनाणी एक्सक्यूटिव मेंबर पद के लिए निर्वाचित हुए। कमेटी चुनाव में विवेक गर्ग, राघव बाहेती व राजीव कुमार ईनाणी विजय घोषित हुए।

## प्रतियोगिता आज

**अजमेर ( कासं )।** ख्वाजा साहब की दरगाह से जुड़ी खादिमों की संस्था अंजुमन मोइनिया फखरिया चिश्तिया खुद्दाम ए ख्वाजा सैयद जादगान द्वारा संचालित उस्मानिया ख्वाजा उच्च माध्यमिक विद्यालय शोरग्रान इमाम बाड़ा का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता गुरुवार को पटेल स्टेडियम अजमेर में आयोजित होगी।

# महाराष्ट्र मजदूरी के गए भील समाज के व्यक्ति से निर्दयता से मारपीट

- नीम के पेड़ बांधा,पट्टे से मारा, सात दिन तक अचेत रहा लक्ष्मण
- आसींद क्षेत्र के परासोली गांव का मामला

**आसींद** (निसं)। जिले के आसींद क्षेत्र के परासोली गांव के लक्ष्मण भील पिछले 25 दिनों से मौत की चुनौती देते हुए बिस्तर में जीवन जीने की जंग लड़ रहा है।

लक्ष्मण भील के साथ हुई घटना रूह कंपा देने वाली घटना है, आसींद क्षेत्र के ही परासौली गांव में निवासरत लक्ष्मण भील बताया कि क्षेत्र के ही तेजू राम गुर्जर व सुरेश गुर्जर कोली खेड़ा बरसनी द्वारा महाराष्ट्र के लातूर में कुएं खोदने के लिए ले जाया गया, जब लक्ष्मण ने गांव आने की इच्छा जाहिर की तो इन दबंग ठेकेदारों द्वारा लक्ष्मण को नीम के पेड़ के बांधकर बेरहमी से पट्टे से मारा गया, मारपीट इतनी भयावकता से की गई कि लक्ष्मण के दोनों पैरों ने काम करना तक बंद कर दिया बेहोश लक्ष्मण सात दिन तक वहीं अचित हालत में पड़ा रहा, जैसे तैसे करके लक्ष्मण को राजस्थान लाया गया लेकिन निर्धन परिवार के हालात ऐसे बन गए की लक्ष्मण का इलाज कर पाना संभव नहीं हुआ, नतीजन पिछले 25 दिनों से लक्ष्मण के पिता मेवाराम भील व मां भावुक होकर रोने लगे कि मेरा बेटा मर जाएगा।एक फरवरी को हुई इस घटना के बाद जब आसींद परिवार के व्यक्तियों द्वारा आसींद पुलिस थाने में एक रिपोर्ट दी गई लेकिन रिपोर्ट पर पुलिस प्रशासन आंख मूंद कर बैठा रहा। उधर रिपोर्ट की सूचना पर दबंग ठेकेदारों द्वारा लक्ष्मण भील के घर परासौली पहुंचकर यह धमकियां दी जाने लगी कि पुलिस रिपोर्ट उठा लेवे अन्यथा अन्य लोगों के भी हाथ पैर तोड़ दिए जाएंगे। धमकी के बाद पुनः लक्ष्मण के परिवार द्वारा आसींद पुलिस थाना अधिकारी हंसपाल को 20 फरवरी को रिपोर्ट दी गई लेकिन आसींद पुलिस द्वारा दोषियों को किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई।

आखिरकार इस गरीब दलित आदिवासी लक्ष्मण के साथ हुई इस निर्दय घटना पर आसींद थाना अधिकारी हंसपाल द्वारा क्यों कार्यवाही नहीं की गई, क्या वजह रही की थानेदार साहब को कार्यवाही रोकनी पड़ी ।

## प्रभात फेरी निकाली

**गंगापुर सिटी ।** आर्य समाज गंगापुर सिटी और भगवती नगर के संयुक्त प्रयास से ऋषि बोधोत्सव के अवसर पर बुधवार को प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया।

प्रभात फेरी आर्य समाज मंदिर देवी स्टोर से शुरू हुई जो कि खारी बाजार, चौपड बाजार और बालाजी चौक से होते हुए नया बाजार, फव्वारा चौक, भारत मिल और नहर रोड से गुजरते हुए अग्रवाल नगर पहुंची। अंत में यह उदई मोड स्थित भगवती नगर आर्य समाज मंदिर में समाप्त हुई। आर्य समाज के प्रवक्ता आशुतोष आर्य और मंत्री सीए अभिषेक बंसल ने बताया कि फेरी में सैकडों लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने वैदिक धर्म और देश भक्ति के नारे लगाए। उन्होंने महर्षि दयानंद के बोध ज्ञान प्राप्ति दिवस का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। महर्षि दयानंद सरस्वती ने 15० वर्ष पूर्व समाज की कुरीतियों का विरोध किया।

# श्रद्धालुओं की भीड़, भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

- बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय

**अजमेर** (कासं)। अजमेर शहर सहित जिले भर में महाशिवरात्रि का मंदिरों में धूमधाम के साथ मनाया। शहर के शिवालय बुधवार को भोलेनाथ के जयकारों से गूंजायमान हो उठे। महाशिवरात्रि पर्व पर लोगों ने मंदिरों और घरों में विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान भोले नाथ से घर-परिवार में खुशहाली की कामना की। शिवालयों में श्रंगार, भजन.कीर्तन के साथ ठंडाई का प्रसाद वितरित किया गया। अंदरकोट स्थित श्री झरनेश्वर महादेव मंदिर में अलसुबह से ही भक्तों की दर्शन के लिए लाइन लगी हुई है।

शहर के प्राचीन झरनेश्वर महादेव, मदार गेट स्थित प्राचीन शांतेश्वर महादेव मंदिरए नगीना बाग स्थित जताई दरबार, वैशाली नगर स्थित भोलेश्वर महादेव, आंतेड़ बगीची, आरपीएससी के लोकेश्वर महादेव, बजरंगढ़, रामगंज, केसरगंज, अजय नगर कांच के मंदिर, सांई बाबा शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भोलेनाथ का मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया, श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक के अलावा धतूरा, पुष्प और अन्य सामग्री चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। नवकार नगर में भी सुबह आरती और प्रसाद वितरण हुआ। श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर शास्त्री नगर विस्तार, एलआईसी कॉलोनी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर, शांतिपुरा स्थित सत्यनारायण मंदिर, कैलाशपुरी, रेम्बल रोड, आनासागर लिंक रोड, पंचशील, फायसागर रोड, नया बाजार, सुभाष उद्यान स्थित शिवालय, नाका मदार, गुलाबबाड़ी, अलवर गेट, सुभाष नगर, चंदवरदायी नगर और अन्य क्षेत्रों के शिवालयों में भगवान शिव, पार्वती, गणेश, नंदी और कार्तिकेय का विधिवत पूजन किय गया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित जीएलओ शिव मंदिर में रुद्राभिषेक के बाद भोलेनाथ का शृंगार और आरती के बाद शिव विवाह प्रसंग का पाठ हुआ। धोलाभाटा स्थित सेवा केंद्र के तत्वावधान में कलश यात्रा निकाली गई। घडियाल़ और बोल बम के जयकारों से मंदिर गूंजते रहे। नया बाजार शिवबाग स्थित प्राचीन अर्ध चंद्रेश्वर महादेव मंदिर पर आज महाशिवरात्रि का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर के पुजारी पंडित श्याम सुंदर शुक्ला ने बताया कि इस अवसर पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर,पंचामृत अभिषेक, आकर्षक श्रंगारएएवं महाआरती कर प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर में महादेव की पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड पड़ा। इस अवसर पर जवाहर फाउंडेशन के शिवकुमार बंसल राजेंद्र गांधी मनीष अग्रवाल ममता शुक्ला कपिल सारस्वत सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। पूज्य झरनेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर धार्मिक आयोजन हुए। पूज्य झूलेलाल साहिब के बहिराणे की सवारी के रवि हरीश कुमार भगत ने भजन और गीत सुनाकर वातावरण को धार्मिक बना दिया और श्रद्धालुओं ने दिन भर शिव लिंग पर पूजन महाआरती शृंगार करके अपनी श्रद्धाप्रकट की।

## जयकार से गुंजे शिवालय

**गंगापुर सिटी ।** उपखंड क्षेत्र में बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में धार्मिक आयोजनों की रौनक देखने को मिली। पर्व की तैयारियां दो दिन पहले से शुरू हो गई थीं।

मंदिरों की साफ-सफाई की गई। रोशनी और रंग-बिरंगे कपडों से सजावट की गई। सुबह से ही शिव भक्तों का मंदिरों में आना शुरू हो गया। भक्तों ने पंचामृत से शिवलिंग का अभिषेक किया। शिव परिवार का विशेष श्रृंगार किया गया।

बेलपत्र, आक, धतूरा, दूब, बेर, गाजर और मूली का भोग लगाया गया। गुलाल, अबीर और चंदन से भी भगवान का श्रृंगार किया गया। मंदिरों में शिव चालीसा, शिव तांडव स्त्रोत और रुद्राष्टक का पाठ किया गया। शहर के प्रमुख मंदिरों में बालाजी चौक मंदिर, उघाडमल बालाजी, श्री कल्याणजी मंदिर, उदेई मोड मनोरथ सिद्ध हनुमान जी मंदिर, श्री गणेश जी मंदिर, श्री सीतारामजी मंदिर और मां चत्रपानी मंदिर शामिल रहे। सभी मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड देखने को मिली। भक्तों ने अपने परिवार की खुशहाली और सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

# विधायकों ने रोशन हत्याकांड में परिवारजनों को उनके घर पहुंच कर ढांढस बंधाया



पाण्डरवाडा गांव में विधायकों ने पहुंच बालिका के परिजनों ढांढस बंधाया।

**अरांई,** (निसं)। अरांई क्षेत्र के पाण्डरवाडा गांव में 19 फरवरी को हुए रोशन हत्याकांड मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की चार सदस्य कमेटी मृतका के घर पहुंची और परिजनों को सांत्वना देकर ढांढस बंधाया। कमेटी में किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी, पीलीबंगा विधायक विनोद गोठवाल, श्रीकरनपुर विधायक रूपेंद्र सिंह कुन्नर व बामनवास विधायक इंदिरा मीणा ने परिवारजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है। इस मौके पर विधायकों ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि कोई भी आरोपी बचना नहीं चाहिए। इस दौरान विधायक विकास चौधरी ने रोशन की स्मृति में सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की इस दौरान कांठोस पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**मदनगंज-किशनगढ़ संवाददाता के अनुसार :** निकटवर्ती गांव पांडरवाडा (बोराडा) में खेत की रखवाली करने जा रही बिटिया की गला रेतकर नृशंग हत्या करने की वारदात को लेकर कांग्रेस विधायकों की टीम ने परिवारजनो को सांत्वना देकर हर संभव मदद के लिये आश्वस्त किया। प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर विधायक इंदिरा मीणा, विधायक रुपिन्दर सिंह कुन्नर, विनोद गोठवाल सहित किशनगढ़ विधायक डॉ विकास चौधरी ने गांव पांडरवाड़ा पहुंचकर दुःखद घड़ी में परिवारजनों से वारदात के बारे में जानकारी लेकर सांत्वना दी।

विगत 19 फरवरी को छोटू बेरवा की 20 वर्षीय पुत्री रोशन बैरवा की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। प्रतिनिधि मंडल ने दलित परिवार को आश्वासन दिया कि पुलिस की गिरफ्त में आये गुनहगार को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिये सार्थक प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक उमेश गौतम को मौके पर बुलाकर त्वरित न्याय दिलाने के लिए निर्देशित किया।

## चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावर** (निसं) जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक , वृताधिकारी के निकटतम सुपरविजन में सीटी थानाधिकारी एवं टीम द्वारा दो अलग-अलग चोरीयों का खुलासा करते हुए चोरी की नगदी, सोने चांदी के जेवरात व दुपहिया वाहन मोटर साईकिल को बरामद कर आरोपियों को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की है।

गौरतलब है की 22.फरवरी को भगवती देवी ने शिकायत दर्ज करवाई की 17.फरवरी को मैने हमेशा की तरह ड्रेसिंग कांच की दराज में 2,000/- रूपये रखे और मेरे घर से कुछ दुरी पर बने बाडे में बंधी गायो का रोजाना की तरह दूध निकालने के लिए चली गयी थी। 19.फरवरी को दुबारा मैने उक्त दराज को वापस खोला तो उसमें रखे बेग से एक अगूंठी आधा तोले की, सवा तोले का हार, आधा आधा तोले की दो रखडी, आधा तोले का मंगल सूत्र, आधा आधा तोले के कान के दो जोडी टोप्स एक सोने का मादलिया व कान की बाली एक नाक की हिना नथ सोने की व चांदी की पायजेब एंव 6,000/- रूपये नकद जो बेग नहीं मिला। मैने व मेरे परिवारजनों ने उक्त बेग को काफी तलाश किया मगर वह नही मिला है।

# अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही

- 45.405 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद
- 02 तस्कारों को किया गिरफ्तार
- परिवहन में प्रयुक्त वाहन स्विफ्ट कार जब्त

**ब्यावर** (निसं) जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक , वृताधिकारी वृत मसूदा के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना बार मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए स्विफट कार से परिवहन किये जा रहे डोडा पोस्त जब्त कर दो तस्करों शकरलाल पिता नारायण लाल गुर्जर उम्र 24 साल निवासी कामा, राहुल सेन पिता कन्हैयालाल सेन उम्र 23 साल निवासी बिजौलिया खुर्द को गिरफतार किया है।

गौरतलब है की 26फरवरी को थानाधिकारी पुलिस थाना बार सुरेन्द्र सिंह को मुखबिर खास से सूचना मिली की बदनौर की तरफ से एक सफेद स्विफट कार जा रही है जिसमे अवैध मादक पदार्थ भरा हो सकता है। सूचना विश्वसनीय होने पर थानाधिकारी मय पुलिस टीम द्वारा नाकाबन्दी शुरू की गई तो बताये हुलिये की एक सफेद कार आती नजर आई जो पुलिस नाकाबन्दी को देखकर तस्करों ने कार को वापस घुमा कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा कार का करीब 03 किलो मीटर तक पीछा कर कार को रूकवाया तो कार में दो व्यक्ति मिले। कार को चैक किया तो अन्दर 02 प्लास्टिक के कट्टों में कुल 45.405 किलोग्राम डोडा पोस्त मिले जिनको जब्त कर आरोपियों को गिरफतार किये गयें तथा परिवहन में प्रयुक्त कार को जब्त किया गया।

शकरलाल पिता नारायण लाल गुर्जर उम्र 24 साल निवासी कामा, राहुल सेन पिता कन्हैयालाल सेन उम्र 23 साल निवासी बिजौलिया खुद सुरेन्द्रसिह थानाधिकारी की पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल लोकेश कुमार एवं कांस्टेबल बलदेव, कैलाश, लेखराज, चेतनसिह, बनवारीलाल आदि थे।

# खेल जगत



भले ही निराशा और थकान के कई दिन हों लेकिन एक खिलाड़ी को अनुशासन नहीं खोना चाहिए क्योंकि कोई नहीं जानता कि मैदान पर यह कब उसके काम आ जाए। मेरे अंदर अब भी खेल की वह भूख है कि मैं और बेहतर कर सकती हूं। -पीवी सिंधू

बैडमिंटन खिलाड़ी, अपने खेल के जज्बे को लेकर बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी**

## विजेंदर सिंह



ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत के पहले और एकमात्र पुरुष मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के जल्द से जल्द नए सिरे से चुनाव कराने की अपील करते हुए कहा कि अगर मौका मिला तो वह चुनाव लड़ने में संकोच नहीं करेंगे। बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता 39 वर्षीय विजेंदर अभी पेशेवर सर्किट में खेल रहे हैं हालांकि उन्होंने 2022 के बाद से कोई मुकाबला नहीं लड़ा है।'जब भी चुनाव हों, मैं उनमें खड़ा होना चाहूंगा। मैंने पूरी जिंदगी संघर्ष किया है, यह मेरे लिए एक और लड़ाई होगी। मुझे नहीं पता कि मुझे समर्थन मिलेगा या नहीं।

**क्या आप जानते हैं ?... श्रीलंका के पूर्व गेंदबाज चामिंडा वास ने साल 2001 में एक वनडे मैच में 8 विकेट लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।**

## पैट कमिंस विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के लिये तैयार

सिडनी, 26 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस को उम्मीद है कि आगामी आईपीएल सीज़न और जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए वह तैयार हो सकेंगे। भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान टखने की चोट के कारण कमिंस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से चूक गए थे। हालांकि अगले कुछ महीनों के दौरान व्यस्त सीज़न में वह अपनी फिटनेस को लेकर आशावादी हैं। कमिंस ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो को बताया, टखना पूरी तरह से मजबूत हो रहा है, इसे अच्छा आराम दे पा रहा हूं और फिर धीरे-धीरे मजबूत हो रहा हूं, जो आपको बहुत अधिक क्रिकेट खेलने पर नहीं मिलता है। यह कुछ समय के लिए उतना ही मजबूत महसूस हो रहा है। आईपीएल के लिए ठीक होना चाहिए, यही योजना है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने बताया कि उनके टखने को समय के साथ सावधानीपूर्वक प्रबंधन की आवश्यकता थी और मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान यह एक बड़ा मुद्दा बन गया। कमिंस ने कहा, यह कुछ ऐसा है जिस पर हमने कभी भी सर्जरी नहीं करने का विकल्प चुना है, बस पुनर्वास के लिए बहुत कुछ करना होगा। इस ब्रेक का मतलब है कि मैं कुछ कॉर्टिसोन प्राप्त कर सकता हूं और वास्तव में पिछले कुछ हफ्तों में इसका अच्छी तरह से पुनर्वास कर सकता हूं। भविष्य को देखते हुए, कमिंस को उम्मीद है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में पूर्ण भूमिका निभाने से पहले आईपीएल के दौरान उनका कार्यभार लगातार बढ़ेगा।

## इंडिया मास्टर्स ने इंग्लैंड मास्टर्स को नौ विकेट से धोया

मुंबई, 26 फरवरी। पवन नेगी (16 रन पर दो विकेट और तीन कैच) के शानदार प्रदर्शन के बाद गुरकीरत सिंह मान (63 नाबाद) और सचिन तेंदुलकर (34) की दर्शनीय बल्लेबाजी की मदद से इंडिया मास्टर्स ने इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के तीसरे मैच में इंग्लैंड मास्टर्स को नौ विकेट से धो दिया। इंडिया मास्टर्स ने घातक गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण की बदौलत इंग्लैंड मास्टर्स को आठ विकेट पर 132 रन पर रोक दिया और बाद में जीत का लक्ष्य मात्र एक विकेट के नुकसान पर 50 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। पवन नेगी को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिये प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होने न सिर्फ दो अहम विकेट चटकाये बल्कि तीन शानदार कैच लेकर विरोधी टीम को बैकफुट पर ढकेल दिया। उनके अलावा धवन कुलकर्णी ने तीन और अभिमन्यु मिथुन ने दो विकेट झटके। गुलकीरत ने मात्र 35 गेंदो पर 63 रन धुन दिये। इस दौरान उन्होने दस चौके और एक छक्का लगाया। सचिन ने अपनी संक्षिप्त पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। युवराज सिंह 27 रन पर नाबाद लौटे।

## हमेशा खास रहेगी टी-20 विश्वकप की जीत : बुमराह

दुबई, 26 फरवरी। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि टी20 विश्व कप में मिली जीत हमेशा खास रहेगी और उनके दिमाग में रहेगी। आईसीसी पुरस्कार और टीम ऑफ द ईयर के सम्मान से अभिभूत बुमराह ने कहा यह वास्तव में अच्छा लग रहा है। मैंने अपने बचपन के कुछ नायकों जैसे सर गारफील्ड सोबर्स को ट्रॉफी पुरस्कार जीतते देखा था। जब आपको ऐसा सम्मान मिलता है तो यह हमेशा सौभाग्य की बात होती है। 31 वर्षीय बुमराह को आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर, आईसीसी पुरुष टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर नामित किया गया था और उन्हें आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम ऑफ द ईयर और आईसीसी टी20आई टीम ऑफ द ईयर में शामिल किया गया था। रविवार को आईसीसी पुरस्कार प्राप्त करने के बाद बुमराह ने बीते साल को याद करते हुए कहा, टी20 विश्व कप जो हमने जीता वह हमेशा खास रहेगा और मेरे दिमाग में रहेगा। जाहिर है, इस साल मेरे मन में भी बहुत कुछ सीखने को है। हमने काफी टेस्ट क्रिकेट खेला, हमें कई अलग-अलग अनुभव मिले, इसलिए हां, मैं बहुत खुश हूं और उम्मीद है कि बेहतर चीजें होंगी। साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर लगी पीठ की चोट के कारण बुमराह को भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था और उनकी जगह तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को शामिल किया गया था। बुमराह ने कहा शमी ने लंबी अवधि की चोट से वापसी की और बांग्लादेश के खिलाफ भारत की शुरुआती जीत में पांच विकेट लेकर स्टार साबित हुए। मैं उसके लिए वास्तव में खुश हूं। जाहिर तौर पर वह इतने लंबे समय तक चोट से जूझते रहे हैं। वह बहुत खुश और बहुत सकारात्मक हैं। अच्छा लग रहा है, जाहिर तौर पर उसके पास कौशल है, जो कभी कहीं नहीं जाएगा। वह जितना अधिक खेलेंगे, उतना अधिक आत्मविश्वास आएगा और उम्मीद है कि वह टीम को आगे बढ़ने में मदद करेंगे। चैंपियंस ट्राफी में भारत की जीत की उम्मीद जताते हुये उन्होने कहा माहौल शानदार है। यह टूर्नामेंट लंबे समय के बाद आ रहा है। शुरुआत अच्छी रही है, उम्मीद है कि मैच और भी बेहतर होंगे और प्रतिस्पर्धा होगी।

## राजस्थान रॉयल्स ने लार्जर-दैन-लाइफ जर्सी का अनावरण किया

जयपुर, 26 फरवरी। राजस्थान रॉयल्स की यूनिवर्सिटी पार्टनर पूर्णिमा यूनिवर्सिटी ने अपने कैंपस में लार्जर-दैन-लाइफ जर्सी का अनावरण करके 2025 की शुरुआत के लिए मंच तैयार किया। हज़ारों छात्र और प्रशंसक नई मैचडे जर्सी की प्रस्तुति देखने के लिए एकत्र हुए, जिससे उत्साह और गर्व से भरा एक विद्युतीय माहौल बन गया।

# अफगानिस्तान 8 रन से जीता

### इंग्लैंड चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर



लाहौर, 26 फरवरी। अफगानिस्तान ने चैंपियंस ट्रॉफी के 8वें मैच में इंग्लैंड को 8 रन से हराया। अजमतुल्लाह ओमरजई ने आखिरी ओवर में 13 रन डिफेंड किए। बुधवार को 326 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लैंड 49.5 ओवर में 317 रन पर ऑलआउट हो गई। इसी के साथ इंग्लैंड इस टूर्नामेंट से बाहर हो गई है।

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में अफगानिस्तान ने बैटिंग चुनी। टीम ने इब्राहिम जादरान की सेंचुरी के दम पर 7 विकेट खोकर 325 रन बनाए। जादरान ने 146 बॉल पर 177 रन की पारी खेली। इसमें 12 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। जादरान इस टूर्नामेंट में हाईएस्ट इंडिविजुअल स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बने हैं। इंग्लिश टीम की ओर से जो रूट ने 120 रन की पारी खेली। बेन डकेट और जोस बटलर ने 38-38 रन बनाए। जैमी ओवर्टन 32 रन ही बना सके। अफगानिस्तान की ओर से ओमरजई ने 5 विकेट झटके। 2 विकेट मोहम्मद नबी को मिले।

# पाक में 100 से ज्यादा पुलिकर्मी बर्खास्त, चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में ड्यूटी करने से किया इंकार





नई दिल्ली, 26 फरवरी। पाकिस्तान में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन हो रहा है। इसके लिए कई पुलिस अधिकारियों को टीमों की सुरक्षा में तैनात किया गया है। लेकिन अब खबर आ रही हैं कि पाकिस्तान में 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान सौंपी गई सुरक्षा ड्यूटी को निभाने से इनकार करने से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

पुलिस ने मंगलवार को ये जानकारी दी। बर्खास्त किए गए कर्मी पुलिस बल का विभिन्न शाखाओं से जुड़े थे। पंजाब पुलिस ने एक अधिकारी के अनुसार चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कई मौकों पर ड्यूटी से अनुपस्थित पाए जाने पर 100 से ज्यादा पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके पदों से हटा दिया गया है। जबकि अन्य ने अपने सौंप गए कार्यों को निभाने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि, पुलिस अधिकारियों को लाहौर में गद्दाफी स्टेडियम से निर्दिष्ट होटलों के बीच यात्रा करने वाली टीमों के लिए सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियुक्त किया गया था। लेकिन वे या तो अनुपस्थित रहे या उन्होंने अपने जिम्मेदारियों को लेने से इनकार कर दिया।

## हरमनप्रीत के दो गोल की मदद से भारत ने इंग्लैंड को हराया

भुवनेश्वर, 26 फरवरी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने यहां कलिंगा हॉकी स्टेडियम में इंग्लैंड पर कड़े मुकाबले में 2-1 से जीत हासिल कर एफआईएच हॉकी प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण का शानदार अंत किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो बार (26, 33) स्कोर करके भारत को मंगलवार रात एक महत्वपूर्ण जीत दिलाई। इसके साथ भारत अंकतालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इंग्लैंड ने 24 घंटे पहले भारत को रोमांचक 3-2 से हराया था। भारत ने खेल की शुरुआत आक्रमक अंदाज से की। दूसरे क्वार्टर में पांच मिनट में, अभिषेक ने शानदार स्टिकवर्क का प्रदर्शन किया, एक बेहतरीन क्रॉस देने से पहले तीन डिफेंडरों को चकमा दिया। हालाँकि, सुखजीत सिंह नज़दीक से गोल करने में असमर्थ रहे। इसके तुरंत बाद अभिषेक के पास एक और मौका था लेकिन क्रेग फुल्टन ने उसे नाकाम कर दिया।24वें मिनट में, भारत को एक झटका लगा जब जुगराज सिंह को जैकब पायटन के गलत प्रदर्शन के लिए पीला कार्ड मिला।

# मालेवार के शतक से विदर्भ मजबूत



नागपुर, 26 फरवरी। दानिश मालेवार (138 नाबाद) के शतकीय प्रहार की बदौलत विदर्भ ने बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन बुधवार को केरल के खिलाफ पहली पारी में चार विकेट पर 254 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

विदर्भ एक समय 11 रन पर दो विकेट गंवा कर भारी संकट में थी, ऐसे मुश्किल समय में मालेवार ने सूझबूझ भरी बल्लेबाजी कर न सिर्फ टीम को संकट से उबारा बल्कि दिन के खेल की समाप्ति तक एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। विदर्भ को मालेवार और करुण नायर के रूप में एक मजबूत साझेदारी मिली, जिन्होंने चौथे विकेट के लिए महत्वपूर्ण 215 रन जोड़े।

दोनों ने ढीली गेंदों का फायदा उठाने से पहले धैर्य के साथ केरल के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण का मुकाबला किया। नायर ने 86 रन का योगदान दिया। वह दुर्भाग्यशाली तरीके से रन आउट हो गये।

इससे पहले, केरल ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने के अपने फैसले को सही ठहराया। एमडी निधीश ने दो विकेट लिए। विदर्भ पहले घंटे में तीन विकेट पर 24 रन पर बना कर संघर्ष की स्थिति में था। जैसे-जैसे परिस्थितियाँ आसान हुईं और पिच बल्लेबाजी के लिये आसान होती गई। केरल के गेंदबाजों ने कड़ी मेहनत की, लेकिन आगे बढ़त बनाने में नाकाम रहे। केरल के लिये उत्साहजनक शुरुआत के बाद दिन का समापन निराशाजनक रहा।

## जोफ्रा आर्चर ने 50 विकेट लेकर रचा इतिहास, टूटा जेम्स एंडरसन का रिकॉर्ड



नई दिल्ली, 26 फरवरी। इंग्लैंड के पेसर जोफ्रा आर्चर ने बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ इतिहास रच दिया है। दरअसल, इस दौरान उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की और पावरप्ले में तीन विकेट झटक लिए। आर्चर ने लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में रहमानुल्लाह गुरबाज (6), सिद्दिकल्लाह अटल (4) और रहमत शाह (4) का शिकार किया। आर्चर ने पांचवें ओवर में जैसे ही गुरबाज को बोल्ड किया तो वनडे क्रिकेट में 50 विकेट कंप्लीट कर लिए। उन्होंने नया इतिहास रच डाला है।आर्चर इंग्लैंड के लिए वनडे में सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 30 वनडे मैचों में ये धांसू कारनामा अंजाम दिया। आर्चर ने पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिन्होंने 31 मैचों में 50 शिकार पूरे किए थे। लिस्ट में तीसरे स्थान पर पूर्व इंग्लिश गेंदबाज स्टीव हार्मिसन हैं। उन्होंने 32 वनडे में ऐसा किया किया। उनके बाद स्टीवन फिन (33), डैरेन गफ (34) और स्टुअर्ट ब्रॉड (34) का नंबर है।

# 2025 के दौरान भारतीय खिलाड़ियों को मिलेगा टेस्ट सीरीज की तैयारी का मौका

नई दिल्ली, 26 फरवरी। टीम इंडिया मौजूदा समय में दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 खेल रही है। इसके बाद आईपीएल 2025 का आगाज हो जाएगा। हालांकि, आईपीएल 2025 के दौरान भारतीय खिलाड़ियों को कई और जिम्मेदारियों को भी निभाना पड़ सकता है। जनवरी के पहले हफ्ते को छोड़ दें तो टीम इंडिया ने व्हाइट बॉल क्रिकेट ही खेली है, लेकिन आईपीएल 2025 के बाद भारत को इंग्लैंड दौरे पर जाना है। जहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी।

इस सीरीज की तैयारी भी बोर्ड कराना चाहता है।चैंपियंस ट्रॉफी के बाद दो महीने तक आईपीएल में व्हाइट बॉल से क्रिकेट होगी। ऐसे में खिलाड़ियों को लाल गेंद वाली गतिविधियों में भी शामिल होने पड़ सकता है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई आईपीएल सत्र के दौरान खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट, लाल गेंद के प्रारूप से जुड़े रहने के लिए रणनीति पर काम कर रहा है।

ये संभावना है कि खिलाड़ियों को कभी-कभार लाल गेंद के अभ्यास सत्र में भाग लेने के लिए भी कहा जा सकता है, क्योंकि इंग्लैंड का दौरा अहम है। बता दें कि, भारतीय बोर्ड का लक्ष्य न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से मिली टेस्ट सीरीज हार के सिलसिले को तोड़ना है।

आईपीएल 22 मार्च से 25 मई तक चलेगा। इसके करीब 25 दिन बाद से भारतीय टीम को इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। पहला मैच 20 जून से हेडिंग्ले में खेला जाएगा। योजना का क्रियान्वयन किस प्रकार किया जाएगा, इसका सटीक विवरण गोपनीय रखा जा रहा है, लेकिन ओवरलैपिंग सिस्टम के संबंध में कुछ प्रारंभिक बैठकें पहले ही हो चुकी हैं।

बीसीसीआई योजनाओं के सहयोग से भारतीय टीम मैनेजमेंट के प्रमुख लोगों के बीच दुबई में चर्चा हुई, जहां खिलाड़ी वर्तमान में चैंपियन ट्रॉफी अभियान में व्यस्त हैं। रविवार को दुबई में भारत-पाकिस्तान मैच के बाद निर्णयकर्ताओं के बीच इन मिश्रित गतिविधियों के रोडमैप पर संक्षिप्त चर्चा हुई। 9 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी के समापन के बाद अतिरिक्त बैठकें होने की उम्मीद है। फिलहाल आईपीएल शुरु होने में दो हफ्ते से भी कम का समय बचा है। बोर्ड आईपीएल के दौरान खिलाड़ियों को अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी के लिए खेलने पर फोकस करने देती है लेकिन इस बार चीजें थोड़ी सी अलग हो सकती हैं।

## राजस्थान यूथ के जतिन सैनी के पंजे से जयपुर ब्लूज 51 पर आउट



जयपुर, 26 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एल सैनी ए डिविजन लीग में आज खेले गए मैच में राजस्थान यूथ ने जयपुर ब्लूज को 9 विकेट से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए मैच में राजस्थान यूथ ने टॉस जीतकर पहले जयपुर ब्लूज को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जयपुर ब्लूज की टीम राजस्थान यूथ के गेंदबाजों के सामने 23.5 ओवर में मात्र 51 रनों पर ढ़ेर हो गई। संजू सारण व राहुल चौधरी ही 10 - 10 रन ही दहाई की संख्या तक पहुंचे।

राजस्थान यूथ के लिए जतिन सैनी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 9 पर 5, रिहान अली ने 15 पर 2, अनुज मीणा, आदित्य झाला व कैफ गुडएज ने 1-1 विकेट लिया। जवाबी पारी में राजस्थान यूथ ने 52 रनों का लक्ष्य मात्र 7.2 एक विकेट पर प्राप्त कर लिया। अभय शर्मा ने नाबाद 21 रन, जयंत ताम्बी ने नाबाद 12 रन व आर्यमन कटारिया ने 12 रन बनाए। जयपुर ब्लूज के लिए शुभम पटवाल ने एक विकेट लिया। 27 फरवरी को के एल सैनी स्टेडियम पर सुराणा क्रिकेट एकेडमी बनाम जयपुर ब्लूज क्लब के मध्य मैच खेला जाएगा तथा जयपुरिया ग्राउंड पर चम्बल स्पोर्ट्स बनाम जयपुर क्लब के मध्य मैच खेला जाएगा।

# श्रीगंगानगर, जोधपुर फुटबॉल एकेडमी, अजमेर और जोधपुर ने सेमीफाइनल में जगह बनाई



जयपुर, 26 फरवरी। आज राजस्थान राज्य अंडर 20 बॉयज फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन चौगान स्टेडियम में ग्रुप ए और ग्रुप बी के क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। ग्रुप ए के पहले क्वार्टर फाइनल में जोधपुर फुटबॉल अकादमी ने जयपुर को 4-1 से पराजित किया।

ग्रुप ए के दूसरे क्वार्टर फाइनल में अजमेर ने चित्तौड़गढ़ को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। ग्रुप बी के पहले क्वार्टर फाइनल में श्री गंगानगर ने पाली को 7-0 से हराया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। ग्रुप बी के दूसरे क्वार्टर फाइनल में जोधपुर और हनुमानगढ़ का मैच निर्धारित समय तक 2-2 से बराबर रहा। बाद में पेनल्टी शूटआउट में जोधपुर ने हनुमानगढ़ को 4-3 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

आज के मैचो में स्पोर्ट्स काउंसिल के पर्यवेक्षक भरत गुर्जर, राजस्थान फुटबॉल संघ के संयुक्त सचिव और जोधपुर जिला फुटबाल संघ के सचिव डॉक्टर दिनेश सिंह चौहान, डूंगरपुर जिला फुटबाल संघ के सचिव रफीक सिंधी, श्रीगंगानगर सचिव मदन बेनीवाल, अजमेर जिला फुटबाल संघ के सचिव सुधीर जोसेफ, धौलपुर जिला फुटबाल संघ के सचिव संदीप सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कल सुबह चौगान स्टेडियम में दोनों सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। दोपहर 2 बजे तीसरे स्थान और शाम 4 बजे फाइनल मैच खेला जाएगा।

## स्वीटी बूरा और दीपक हुड्डा एथलीट कपल लेने जा रहा तलाक

नई दिल्ली, 26 फरवरी। इन दिनों खेल जगत में तलाक की खबरें जोरों पर हैं। पहले हार्दिक पंड्या अपने पत्नी नताशा से तलाक लेकर अलग हो गए। वहीं हाल ही में कहा जा रहा है कि क्रिकेटर युजवेंद्र चहल भी अपनी पत्नी धनाश्री वर्मा से अलग हो गए हैं। इसके अलावा कहा जा रहा है कि, दिग्गज खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग भी अपनी पत्नी आरती से ग्रे डिवॉर्स ले रहे हैं। वहीं इस लिस्ट में हरियाणा की वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर स्वीटी बूरा और उनके पति भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान दीपक हुड्डा का नाम जुड़ गया है। हरियाणा की वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर स्वीटी बूरा और उनके पति भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान दीपक हुड्डा की शादी टूटने की कगार पर है। वहीं स्वीटी बूरा ने दीपक पर फॉर्च्यूनर और एक करोड़ मांगने का आरोप लगाया है। वहीं हुड्डा ने स्वीटी और उसके परिवार पर संपत्ति हड़पने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ रोहतक और हिसार के पुलिस थाने में शिकायत की है।

## फुटबॉल क्लब ब्रदर्स यूनाइटेड ने चैम्पियन मेकर फुटबाल क्लब को 4-3 से हराया

जयपुर, 26 फरवरी। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में सुबोध स्कूल में जारी आर लीग यूथ अंडर-13 फुटबॉल प्रतियोगिता में को पांच मैच खेले गए। पहला मैच फुटबॉल क्लब ब्रदर्स यूनाइटेड ने चैंपियन मेकर फुटबाल



क्लब, के बीच हुआ जिसमे फुटबॉल क्लब ब्रदर्स यूनाइटेड, ने मैच 4-3 से जीता। दूसरा मैच जयपुर यूनाईटेड फुटबॉल क्लब, और जयपुर बॉयस् एंड गर्लस क्लब, के बीच खेला गया मैच में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया व निर्धारित समय तक 4-3 से मैच जयपुर यूनाईटेड क्लब, ने जीत हासिल की। तीसरा मैच मैच राजस्थान फुटबाल स्कूल जयपुर, और रियान फुटबाल क्लब, के बीच खेला गया जिसमें राजस्थान फुटबॉल स्कूल जयपुर, ने मैच 1-0 से जीत लिया चौथा मैच में एएसएल फुटबॉल क्लब जयपुर, ने रॉयल फुटबॉल क्लब, को 1-0 के अन्तर से पराजित किया। पांचवा मैच में जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब और जयपुर फुटसल फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया जिसमें जयपुर एलीट फुटबाल क्लब, ने 3-2 पराजित किया। संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि 19 जनवरी से शुरू हुई प्रतियोगिता में अब तक 60 मैच हो चुके हैं।


### जयपुर पोलो सीजन 2025, एसएमएस गोल्डवास कप

# आरपीसी से एसएमएस पोलो एकेडमी 6.5-2 के स्कोर से जीता




जयपुर, 26 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2025, एसएमएस गोल्ड वास कप (4 गोल) के मैच में बुधवार को रामबाग पोलो ग्राउंड पर आरपीसी ओर एसएमएस पोलो एकेडमी के बीच खेला गया जिसमें एसएमएस पोलो एकेडमी ने आरपीसी को 6.5-2 के स्कोर से हराया। आरपीसी की ओर से रनशेय पुरोहित ओर लांस वाट्सन ने 1-1 गोल किये। आधे गोल का एडवांटेज लेकर खेली एसएमएस पोलो एकेडमी की ओर से अनिरुद्ध मावाजी ने 1, पदमनाभ सिंह ने 2, विशाल सिंह राठौड़ ने 3 गोल कर टीम को जीताया। गुरुवार को शाम 4 बजे रामबाग पोलो मैदान पर जयपुर यूएसपीए बनाम एसएमएस पोलो एकेडमी के बीच मैच खेला जायेगा।

## हिमेश के अर्द्धशतक व भरत की शानदार गेंदबाजी से सिंग्नेचर क्लब की आसान जीत





जयपुर, 26 फरवरी। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज नेना क्रिकेट ठाउण्ड जगतपुरा पर खेले गये पूल-ए के मैच में सिंग्नेचर क्रिकेट क्लब ने हिमेश गुर्जर 53 रन (30 गेंद, 5 चौंके, 3 छक्के) की अद्धर्शतक की पारी तथा भरत प्रजापत 38 रन पर 3 विकेट की शानदार गेंदबाजी की मदद से बिमल क्रिकेट एकेडमी को 35 रन से हराकर दो अंक अर्जित किये। आज सुबह सिंग्नेचर क्रिकेट क्लब ने टोस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया हिमेश गुर्जर 53 रन, शोएब खान 34 रन, अरूण सेहरा 31 रन नाबाद, गगनप्रीत सिंह 29 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 205 रन बनाये, गेंदबाजी में बिमल क्रिकेट एकेडमी की ओर से कुलदीप 37 रन पर 2 तथा अंकित 8 रन पर दो विकेट तथा अमनदीप सिंह, वरूण, मोहम्मद जैद, अमन पारिक व निलेख कुमार प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में बिमल क्रिकेट एकेडमी के 3 विकेट भरत प्रजापत ने अपनी 7 गेंदों में ही निकालकर स्कोर 10 रन पर 3 विकेट कर दिया था, लेकिन मध्य क्रम में वरूण 68 रन (42) गेंद, 3 चौके, 6 छक्के) तथा प्रथम मिश्रा 41 रन (16 गेंद, 5 चौके, 3 छक्के) सैफ नकवी 33 रन को छोड़कर अन्य कोई भी बल्लेबाज सिंग्नेचर क्लब के गेंदबाजो भरत प्रजापत 38 रन पर 3 विकेट हिमांशु तिवाड़ी 24 रन पर 2 विकेट, अरूण सेहरा 31 रन पर 2 विकेट तथा विकास शर्मा 29 रन पर 2 विकेट के समक्ष नहीं टिक सका और पूरी टीम 17.5 ओवर में 170 रन बनाकर सिमट गई और सिंग्नेचर क्रिकेट क्लब 35 रन से मैच जीत गई। मैन ऑफ द मैच भरत प्रजापत (4 ओवर 38 रन 3 विकेट) सिंग्नेचर क्रिकेट क्लब रहे।



*महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने परिवार के साथ मुख्यमंत्री निवास में बने राजराजेश्वरी माता के मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शर्मा ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और आरती उतारी। मुख्यमंत्री निवास पर तैनात अधिकारी व कर्मचारी भी इस दौरान मौजूद थे।*

# सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण आदेश, गवाही के लिए उम्र की सीमा नहीं होती

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा एविडेंस एक्ट में गवाह की न्यूनतम आयु नहीं दी गई है इसलिए बच्चे की गवाही भी मान्य।**
- **सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए 7 साल की बच्ची की गवाही के आधार पर आरोपी को पत्नी की हत्या का दोषी करार दिया।**

नई दिल्ली, 26 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा कि बच्चे की गवाही भी किसी अन्य गवाह की तरह ही मान्य है। शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए एक व्यक्ति को अपनी पत्नी की हत्या का दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई। यह मामला खास इसलिए है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने 7 साल की बच्ची की गवाही को आधार बनाया, जिसने अपनी मां की हत्या होते देखी थी। सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट किया कि गवाह के लिए कोई न्यूनतम उम्र नहीं होती और बच्ची के बयान को सिर्फ इसलिए खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह 7 साल की है।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि बच्चे के बयान की जांच सावधानी से करनी चाहिए, क्योंकि उन्हें आसानी से प्रभावित किया जा सकता है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने एमपी हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया। हाईकोर्ट ने बच्ची के बयान को खारिज कर दिया था और आरोपी को बरी कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एविडेंस एक्ट में गवाह की न्यूनतम उम्र तय नहीं है। इसलिए, बच्ची की गवाही को सिर्फ इसलिए खारिज नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर बच्चा गवाही देने के लिए सक्षम है, तो उसकी गवाही किसी अन्य गवाह की तरह ही मानी जाएगी। लेकिन, अदालत को बच्चे के बयान की जांच बहुत ध्यान से करनी चाहिए। ऐसा इसलिए, क्योंकि बच्चे जल्दी बहकावे में आ सकते हैं।

सर्वोच्च कोर्ट ने आगे कहा कि इसका मतलब यह नहीं कि छोटी-सी गलती पर बच्चे की गवाही को खारिज कर दिया जाए। बल्कि, बच्चे के बयान को बहुत सावधानी से परखा जाना चाहिए। इस मामले में, सर्वोच्च कोर्ट ने बच्ची की गवाही को विश्वसनीय मानते हुए उसके पिता को उम्रकैद की सजा सुनाई। यह फैसला भविष्य में ऐसे मामलों में एक मिसाल का काम करेगा। ये निर्णय बच्चों के अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सुनिश्चित करता है कि बच्चों की आवाज भी सुनी जाए और उन्हें न्याय मिले। यह फैसला न्यायिक प्रक्रिया में बच्चों की भूमिका को मजबूत करता है।

## 50 लाख डॉलर ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

खरीद कर अमीर लोग अमेरिका आ सकते है।

ट्रम्प ने कहा कि गोल्ड कार्ड की बाकी जानकारी दो सप्ताह में दी जा सकेगी। जब एक पत्रकार ने पूछा कि क्या रूस के अमीर भी यह कार्ड खरीद सकते है तो ट्रम्प ने कहा, "यह संभव है, मैं रूस के कुछ अमीरों को जानता हूँ, जो बहुत अच्छे हैं।"

ट्रम्प के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड ल्यूटनिक ने पत्रकारों से कहा कि वर्तमान ईबी-5 वीसा कार्यक्रम बकवास और फ्रॉड है, इसके तहत ग्रीन कार्ड प्राप्त करना बहुत सस्ता था। ल्यूटनिक ने कहा, इसलिए राष्ट्रपति ने कहा, ऐसे बकवास कार्यक्रम को खत्म कर देना ही बेहतर है। हम इसकी जगह ट्रम्प गोल्ड कार्ड लाएंगे।

सी.एन.एन. रिपोर्ट के अनुसार, ईबी-5 वीसा कार्यक्रम का इस्तेमाल कर राष्ट्रपति ट्रम्प के परिवार ने कई प्रॉपर्टी डैवलपमैंट में इसका फायदा उठाया था। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में इस कार्यक्रम की आलोचना हुई थी और तब इसमें सुधार का सुझाव दिया गया।

ईबी-5 वीसा कार्य को 2022 में जो बाइडेन के कार्यकाल में आखिरी बार रिव्यू किया गया था और निवेश की आवश्यकता को बढ़ाकर वर्तमान स्तर तक लाया गया था। वर्ष 2019 में ट्रम्प प्रशासन ने आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में निवेश की सीमा बढ़ाकर 9 लाख डॉलर करने की कोशिश की थी, जिसे 2021 में फैडरल जज ने रोक दिया था।

ट्रम्प अमेरिका का मूल स्वरूप बदलना चाहते हैं, जो इम्मिग्रैंट्स के योगदान से विश्व में नम्बर वन बन जाए।

गत 400 सालों से अमेरिका पूरी दुनिया के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

## तीन साल बाद यूक्रेन युद्ध...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सहयोगियों के खिलाफ वोट कर रहा था, जिससे, पूरी भू-राजनीतिक तस्वीर बदल गई। रूस और अमेरिका ने ईयू के खिलाफ वोट किया। यह पहली बार है, जब अमेरिका और यूरोपीय यूनियन ने संयुक्त राष्ट्र में एक दूसरे के खिलाफ मतदान किया। महत्वपूर्ण यह भी है कि इस प्रस्ताव पर दो महत्वपूर्ण देश अनुपस्थित थे, जिनमें से एक रूस का "लिमिटलैस" मित्र था। अनुपस्थित रहने वाले देश हैं चीन और ईरान। अमेरिका और रूस की अचानक निकटता ने वर्षों की चीनी कूटनीति को उलट दिया, जो रूस और अमेरिका के बीच दरार डालने की कोशिश कर रही थी।

अतः अमेरिका का यूक्रेन समझौता दोहरा खेल है, तथा ऐसे कई और समझौते आने वाले हैं। यह समझौता चीन को रूस से कई मायनों में अलग कर देगा और रूस को एक प्रकार से अमेरिकी दायरे में ले आएगा। यह सत्य है कि हालांकि, चीन ने यूक्रेन युद्ध के दौरान रूस को समर्थन दिया था, पर उसने रूस को चीन के जूनियर पार्टनर जैसा महसूस कराया था।

दूसरी ओर, पश्चिमी यूरोपीय देश, खासकर ई.यू. और यू.के. अब अलग-थलग पड़ गए हैं। उनका स्थायी दोस्त अब चला गया है। अमेरिका के चक्कर में इन देशों ने चीन से रिश्ते खराब कर लिए। उनके पास अब कोई सुरक्षा ताकत नहीं बची है, और वे रूस की दया के मोहताज हो गए हैं। लेकिन, फ्रांस ने कुछ कूटनीतिक जीत हासिल की है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति, एमानुएल मैक्रां ने कल वाइट हाउस में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प का कद कम कर दिया। पहली बार ऐसा हुआ कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में छाए रहे और उन्होंने कई बार ट्रम्प को सही किया। मैक्रां ने उस समय आसानी से ट्रम्प को मात दी, जब ट्रम्प ने कहा कि यूरोप ने वास्तव में यूक्रेन की रक्षा के लिए ज्यादा कुछ नहीं किया, जितना अमेरिका ने किया। तब मैक्रां ने दृढ़ता से हस्तक्षेप किया और यह स्पष्ट किया कि यूक्रेन की रक्षा के लिए ईयू ने धन प्रदान किया था: "पैसा, असली पैसा"। तब ट्रम्प चुप हो गए। वाइट हाउस के अनुभवी संवाददाताओं ने बताया कि पहली बार ऐसा हुआ कि ट्रंप उस समय प्रेस क्रॉन्फ्रेंस में चुप रहे, जब मैक्रां अपनी बात कह रहे थे। यहाँ तक कि वाइट हाउस से बाहर आने के बाद मैक्रां ने ट्रम्प को खूब खरी खोरी सुनाई।

## केजरीवाल...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अरोड़ा राजनीति में आने से पहले बिजनेस टाइकून तथा बड़ी परोपकारी हस्ती थे। अगर वे लुधियाना -पश्चिम उपचुनाव जीत जाते हैं तो उन्हें राज्यमंत्री बनाकर, किसी मंत्रालय को स्वतंत्र प्रभार सौंपा जा सकता है।

## 'दक्षिण के किसी राज्य की सीटें कम नहीं होगी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मैं हर व्यक्ति की जानकारी में यह बात ला रहा हूँ कि 2026 की जनसंख्या के आधार पर होने वाली लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन की कवायद बहुत ज्यादा खतरनाक है।" उन्होंने अपनी पोस्ट में पूछा, "अगर इस कारण से संसद में हमारा संख्याबल कम होता है, अगर इस कारण हमारी आवाज़ दबती है, तो यह (परिसीमन) न्यायोचित कैसे हो सकता है।"

उन्होंने लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन के क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श करने के लिये 5 मार्च को एक सर्वदलीय मीटिंग बुलाई हैं। उन्होंने परिसीमन को तमिलनाडु के ऊपर लटकती तलवार बताया।

शाह ने स्टालिन पर तमिलनाडु की जनता से झूठ बोलने का आरोप लगाते हुये कहा कि उनके (शाह) के आश्वासन के बाद, अब मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिये।

शाह ने तमिलनाडु सरकार पर कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार तथा शासन व्यवस्था के मुद्दों को लेकर हमला बोला और कहा, "(तमिलनाडु में) राष्ट्रविरोधी प्रवृत्तियाँ चरम पर हैं। तमिलनाडु सरकार ने 1998 के सीरियल बम-ब्लास्ट के मास्टरमाइन्ड की शव यात्रा को सुरक्षा प्रदान की थी।" शाह का संकेत एस ए बाशा की ओर था, जो 14 फरवरी 1998 को कोयम्बटूर में हुये बम-ब्लास्टों का मास्टरमाइन्ड था। इन ब्लास्टों में 58 लोग मारे गये थे।

शाह ने कहा, "राज्य में ड्रग माफिया को खुली छूट है तथा अवैध खनन माफिया ने राजनीति को भ्रष्ट कर दिया है।"

द्रमुक पर भ्रष्ट नेताओं को पार्टी की सदस्यता देने का आरोप लगाते हुये शाह ने कहा कि स्टालिन की पार्टी के नेता मनी लॉण्डरिंग, आय से ज्यादा सम्पत्ति के मामलों, बजरी-खनन तथा 2जी घोटाले तक में लिप्त हैं।

उन्होंने कहा, "कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि द्रमुक ने अपने सदस्यता-अभियान के दौरान, सभी भ्रष्ट लोगों को छाँटकर पार्टी में ले लिया है।"

शाह ने जोर देते हुये कहा कि 2026 में एनडीए राज्य में सरकार बनायेगा तथा एनडीए को "हरियाणा और महाराष्ट्र से भी ज्यादा बहुमत" मिलेगा।

## सुप्रीम कोर्ट...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

संहिता, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और कर्नाटक भूमि (हस्तांतरण प्रतिबंध) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत जांच की। केंद्रीय मंत्री ने पहले कर्नाटक उच्च न्यायालय में एफआईआर को चुनौती दी थी, लेकिन 2015 में उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। 2016 में सुप्रीम कोर्ट में की गई अपील भी जांच को रोकने में विफल रही।

## पुणे : सरकारी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

में खड़ी खाली बस में ले गया। अभी अंधेरा था और जैसे ही महिला बस में चढ़ी, आरोपी भी अंदर आ गया और उसके साथ दुष्कर्म कर फरार हो गया।

## यूक्रेन की जमीन के नीचे दबे खनिज को अमेरिका ललचाई ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

डॉनल्ड ट्रम्प और कई अमेरिकन नीति निर्माता यूक्रेन की खनिज सम्पदा को अपनी प्राथमिकता सूची में उच्च स्थान पर रखते हैं। वे इसे चीन और रुस के साथ निरंतर भू राजनैतिक संघर्ष में एक रणनीतिक "एसैट" के रुप में देखते हैं। अमेरिका इन संसाधनों पर नियंत्रण चाहता है, ताकि अपने औद्योगिक व सैन्य भविष्य को सुरक्षित रखने के साथ विरोधियों को कमज़ोर कर सके।

वॉशिंगटन की सबसे बड़ी चिन्ता खनिज सम्पदा के लिए चीन पर निर्भर होने की है, जिसका विश्व के दुर्लभ खनिज संसाधनों का 60 से 70 प्रतिशत भंडार पर नियंत्रण है और इसके विपरीत जैसा संयुक्त राष्ट्र संघ ने बताया है , यूक्रेन के पास 5 प्रतिशत भंडार है। हालांकि चीन इसमें अग्रणी है, पर यूक्रेन एक विकल्प है और अमेरिका इसकी अनदेखी नहीं कर सकता।

हालांकि, इन संसाधनों को सुरक्षित करने का रास्ता कई बाधाओं से भरा हुआ है। यूक्रेन के कई समृद्ध खनिज भंडार अब रुस के कब्जे वाले क्षेत्रों में स्थित हैं, जिससे उत्खनन करना और उसे अन्य जगह ले जाना भारी मुश्किल हो गया है। फिर भी, चुनौतियों के बावजूद, अमेरिका यूक्रेन के खनिजों को एक ऐसे स्रोत के रुप में देखता है, जो एक एकल, प्रमुख आपूर्तिकर्ता पर निर्भरता को कम करने में इसकी मदद कर सकता है।

विशेष रुप से सैन्य -औद्योगिक क्षेत्र के लिए दांव बहुत ऊंचा हैं। टाइटेनियम जैसे खनिज फाइटर जेट, मिसाइल और उच्च गुणवत्ता वाले रक्षा उपकरण बनाने में अनिवार्य हैं।

वर्तमान में, अमेरिकी रक्षा क्षेत्र द्वारा इस्तेमाल किया गया अधिकांश टाइटेनियम रुस से आता है- यह एक ऐसी कमजोरी है, जिसे अमेरिकी नेता समाप्त करने के लिए उत्सुक हैं। अगर वॉशिंगटन यूक्रेन के भंडार को हासिल कर लेता है तो यह निर्भरता समाप्त हो सकती है और पश्चिमी सैन्य आपूर्ति शृंखलाओं पर रुस का नियंत्रण कमजोर पड़ सकता है।

यूक्रेन के लीथियम भंडार भी महत्वपूर्ण हैं। जैसे -जैसे दुनिया इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण की ओर बढ़ रही है, लीथियम की मांग बढ़ गई है। ईवी बाजार पर वर्चस्व स्थापित करने के लिए अमेरिका व चीन में दौड़ है, और यूक्रेन के लीथियम भंडार तक पहुंच हासिल करना अमेरिका की बैटरी उत्पादन क्षमता को मजबूत कर सकता है, जो बीजिंग के वर्चस्व को चुनौती दे सकता है।

यूक्रेन के खनिजों पर नियंत्रण से अमेरिका को यूरोप पर आर्थिक दबदबा मिल जाएगा। वॉशिंगटन उसके सहयोगियों को कच्चे माल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन सकता है, इससे चीन और रुस हाशिए पर जा सकते हैं।

ट्रम्प, जो हमेशा से सौदेबाजी में आगे रहे हैं, ने रुस के साथ बातचीत में यूक्रेन के संसाधनों का एक सौदे की चिप के रुप में उपयोग करने का संकेत दिया है। उन्होंने कीव को मिलने वाली अमेरिकी सहायता की आलोचना की है, यह सवाल किया कि अमेरिका को इसके बदले में क्या मिल रहा है। उनका "अमेरिका पहले" रुख यह संकेत देता है कि भविष्य की किसी भी बातचीत में, वे आर्थिक फायदे की मांग करेंगे- शायद यूक्रेन की खनिज संपत्ति तक विशेष पहुंच हासिल करने का प्रयास करें।

एक ऐसी दुनिया में जहां संसाधन ताकत को परिभाषित करते हैं, यूक्रेन के दुर्लभ खनिज सिर्फ एक प्राकृतिक खजाना नहीं हैं- वे एक भू-राजनीतिक हथियार हैं और उन पर नियंत्रण के लिए संघर्ष में, अमेरिका, चीन और रुस सभी शामिल हैं।




राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600